दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
# बढ़ता राजस्थान
■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 245 जयपुर | बुधवार ,09 जुलाई, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी संवत्-2082 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

### एफएटीई की रिपोर्ट; गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेपल से पेमेंट हुआ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स FATF ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

FATF ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है। यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म PayPal के जरिए पैसे दिए गए थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं। FATF की इस रिपोर्ट का नाम 'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' है। 131 पेज की यह रिपोर्ट बताती है कि कैसे आतंकवाद की फंडिंग के तरीके बदल रहे हैं। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग ) की रणनीतियां एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि अलग-अलग जगहों पर, अलग परिस्थितियों के हिसाब से अलग तरीके अपनाए जाते हैं।



**आतंकी फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में बड़ी कमियां**

रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं, और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे।इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतरराष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं।

FATF ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं।

**भारत में 2 आतंकी धमाके, जिन्हें अंजाम देने के लिए ई-कॉमर्स साइट्स का इस्तेमाल हुआ**

1. 2019 का पुलवामा हमला- इसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे

14 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ का एक काफिला श्रीनगर-जम्मू हाईवे से गुजर रहा था। ट्रक पुलवामा के पास पहुंचा था, तभी एक सुसाइड अटैकर 200 किलो विस्फोटक लदी मारुति ईको कार लेकर घुस गया।विस्फोट इतना तेज था कि सुरक्षाबलों को लेकर जा रही 2 बसों के परखच्चे उड़ गए। इसमें 40 जवान शहीद हुए थे। भारत सरकार की जांच में यह सामने आया कि यह हमला पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ) ने करवाया था।

जांच में पता चला कि हमले में इस्तेमाल किए गए विस्फोटक भारत में सीमा पार से लाए गए थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि हमले में इस्तेमाल हुए बम में जो एल्यूमीनियम पाउडर डाला गया था, जो धमाके को और ज्यादा घातक बनाने के लिए इस्तेमाल हुआ, वह अमेजन से ऑनलाइन खरीदा गया था।

2. 2022 में यूपी के गोरखनाथ मंदिर के गाड्र्स पर आतंकी हमला हुआ था

FATF की रिपोर्ट में दूसरा उदाहरण यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर 4 अप्रैल 2022 में हुए हमले का दिया गया। इसमें एक शख्स ने वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों पर धारदार दरांती से हमला किया था। इसमें जवान गंभीर रूप से घायल हो गया था।इस घटना में दोषी शख्स मुर्तजा अब्बासी के पास से पुलिस को मजहबी किताब, धारदार हथियार, उसके मोबाइल और लैपटॉप से मिले जेहादी वीडियो आदि मिले थे। FATF ने इस मामले की जांच में पाया कि हमलावर ने विदेशों में पेपल के जरिए लगभग 6.7 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। साथ ही, उसने वीपीएन का इस्तेमाल करके अपना आईपी एड्रेस छिपाया और अपने ट्रांजैक्शन को गुप्त रखा।

## अधिकारी के डंडे में झंडा हमारा लगा हुआ

### अधिकारियों पर मदन राठौड़ बोले- घोड़े को ऊपर बैठने वाला जैसे हांकता है, वैसे वो हांका जाता है



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा- अधिकारी, अधिकारी होता है, लेकिन उस पर अंकुश लगाने वाली सरकार होती है। मुझे अधिकारियों के लिए यह शब्द प्रयोग नहीं करना चाहिए, लेकिन जिस तरह से तगड़ा घोड़ा होता है, उसके ऊपर जो सवार होता है, वो जैसे हांकता है, वैसे वो हांका जाता है। मदन राठौड़ भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा-**

आज अधिकारी के डंडे में झंडा हमारा लगा हुआ है। कांग्रेस का झंडा निकल गया और हमारा झंडा लग गया तो हमारे हिसाब से काम कर रहा है। अधिकारी को यहां से हटाकर कही भी लगाओगे तो अधिकारी ही रहेगा, लेकिन उस पर अंकुश लगाने वाली, उसे निर्देश देने वाली और व्यवस्था देने वाली सरकार है। सरकार हमारी सही चल रही है।दरअसल, गहलोत ने कहा था कि भजनलाल सरकार में प्रमुख पदों पर हमारे लगाए हुए अधिकारी ही काम कर रहे हैं।

### बजरी माफिया कांग्रेस की पैदाइश

मदन राठौड़ ने कहा- बजरी माफिया कांग्रेस की ही पैदाइश है, इन्हें पैदा करने का काम कांग्रेस ने ही किया है। उनकी सरकार में हम बार-बार कहते रहे कि बजरी के ठेके दिए जाने चाहिए, लेकिन क्योंकि उनकी पार्टी उन्हीं से ही चल रही थी। इसलिए उन्होंने ठेके नहीं दिए और धूम धड़ाके से बजरी बिकती रही।
भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा-उनके चाहने न चाहने से कुछ नहीं होगा। भजनलाल शर्मा हमारे मुख्यमंत्री हैं, मुख्यमंत्री रहेंगे। गहलोत मुंगेरीलाल के सपने देखते रहें। सपनों में जीते रहे। हमे कोई आपत्ति नहीं है।मदन राठौड़ ने कहा- उन्हें (अशोक गहलोत) लगता है कि अगर मैंने कुछ नहीं बोला, हमलावर होने का स्वांग नहीं रचा तो कहीं मेरी जमीन खिसक नहीं जाए।

## अब इंटरनेट के बिना मैसेज भेज सकेंगे




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ट्विटर के को-फाउंडर जैक डोर्सी ने एक नया मैसेजिंग एप बिटचैट लॉन्च किया है। यह एप इंटरनेट कनेक्शन के बिना भी काम करता है। यानी यूजर इस एप के जरिए एक दूसरे को इंटरनेट के बिना मैसेज भेज सकेंगे। यह प्राइवेसी फोकस्ड मैसेजिंग एप पीयर-टू-पीयर टेक्निक पर बेस्ड है और इसके लिए किसी सेंट्रलाइज्ड सर्वर या फोन नेटवर्क की जरूरत नहीं होती है। फिलहाल, यह एप अभी सिर्फ आईफोन यूजर्स के लिए टेस्ट फ्लाइट प्लेटफॉर्म पर अवेलेबल है।बिटचैट ब्लूटूथ लो एनर्जी ) मेश नेटवर्क पर काम करता है। जिसमें स्मार्टफोन आपस में छोटे-छोटे क्लस्टर बनाते हैं और एक डिवाइस से दूसरी डिवाइस तक एन्क्रिप्टेड मैसेज भेजते हैं। ब्लूटूथ के जरिए काम करने के कारण इसे वाई-फाई या मोबाइल डेटा की जरूरत नहीं पड़ती। यह एप खास तौर पर उन जगहों पर यूजफुल है, जहां इंटरनेट कनेक्शन अवेलेबल नहीं है या जहां नेटवर्क बंद हो।ट्रेडिशनल मैसेजिंग एप्स जैसे व्हाट्सएप या टेलीग्राम के उलट, बिटचैट पूरी तरह से डिसेंट्रलाइज्ड है। इसके लिए यूजर्स को ईमेल या फोन नंबर से अकाउंट बनाने की जरूरत नहीं है। मैसेज केवल यूजर्स के डिवाइस पर स्टोर होते हैं और कुछ समय बाद अपने आप डिलीट हो जाते हैं। इससे यूजर्स की प्राइवेसी और सेंसरशिप से सुरक्षा तय होती है।बिटचैट अभी बीटा टेस्टिंग फेज में है और सिर्फ एपल के टेस्टफ्लाइट प्लेटफॉर्म पर अवेलेबल है। लॉन्च के तुरंत बाद इसने 10,000 टेस्टर्स की लिमिट को छू लिया। जैक डोर्सी ने एप का व्हाइटपेपर और बीटा इनविटेशन पब्लिकली शेयर किया है। बीटा फेज में डेवलपर्स बैटरी ऑप्टिमाइजेशन और रिले-स्टेबिलिटी पर ध्यान दे रहे हैं। फाइनल रिलीज में वाई-फाई प्रोटोकॉल को शामिल करने का प्लान है, ताकि पिक्चर्स और वीडियोज जैसे रिच-कंटेंट को भी शेयर किया जा सके। भविष्य में इसे और प्लेटफॉर्म्स के लिए अवेलेबल कराने का भी प्लान है।

## गहलोत बोले- पंडित भजनलाल हम सबको सूट करते है

### पांच साल राज करो, आपको कौन रोक रहा है; सीएम इंटेलिजेंस को काम में लें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा है सीएम भजनलाल शर्मा के प्रति मेरी हमदर्दी है। पंडित भजनलाल जैसा सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता है। अभी इनको बने हुए डेढ़ साल हुआ है, पांच साल राज करो भाई, कौन रोक रहा है आपको? हमें तो आप सूट करते हो, पंडित भजनलाल हम सबको सूट करते हैं। हम क्यों इनकी खिलाफत करेंगे? हम चाहेंगे ये अच्छा शासन करें, फिर तो वो जाने उनका काम जानें। पूर्व सीएम ने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री को राजस्थान के हालात पर इंटेलिजेंस से भी रिपोर्ट लेनी चाहिए।गहलोत मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास की जयंती पर श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



गहलोत ने कहा- जो सौभाग्य पंडित भजनलाल को मिला है, ऐसा सौभाग्य बहुत कम को मिलता है। पहली बार एमएलए और मुख्यमंत्री बन गए। उनको अपना परिवारवाद छोड़ देना चाहिए।

मैं हमेशा बचपन से कहता था कि हम लोग पब्लिक प्रॉपर्टी हैं। आप एमएलए, एमपी, मुख्यमंत्री बन जाते हो तो हम लोगों की प्रॉपर्टी हैं। जनता कभी भी आकर हमें अपनी शिकायत दे सकती है। मुख्यमंत्री को अब पब्लिक प्रॉपर्टी बनने का प्रयास करना चाहिए, परिवारवाद बीच में नहीं लाए।

मेरी मुख्यमंत्री के प्रति हमदर्दी, मेरे से वे दो बार मिलने आए थे।

गहलोत बोले- अब परिवारवाद बीच में नहीं आता है। परिवारवाद को पीछे कर दो। सच्चाई मैं बता रहा हूं। मेरी उनसे दोबारा मुलाकात हुई है। मेरी उनके प्रति हमदर्दी है। यह मानव मनोविज्ञान होता है। मैं बीमार था, वो मुझसे मिलने आए। मुख्यमंत्री बनते ही मेरे से मिलने आए थे। पहले परंपरा भी थी मिलने की, बीच में टूट गई । जब सीएम मिलने आए तो हमने यही बातें कीं। उन्होंने कहा था मैं पार्टी में 20 साल से काम कर रहा हूं और मुझे अनुभव है। मैं पूरे राजस्थान में नाम से कार्यकर्ताओं को जानता हूं।

**मुख्यमंत्री इंटेलिजेंस से पूरे राजस्थान की खुफिया रिपोर्ट लें**

गहलोत ने कहा- बीजेपी वाले चाल, चरित्र और चेहरे पर बातें करते थे। इनके चाल, चरित्र और चेहरा एक्सपोज हो चुका है। कितनी बड़ी-बड़ी बातें करते थे। इनका करप्शन बोल रहा है। लोग दुखी है।मुख्यमंत्री को चाहिए कि जो इनकी इंटेलिजेंस विंग है, उसका उपयोग करें। एक बार राजस्थान के हालात के बारे में इंटेलिजेंस के माध्यम से चुपचाप रिपोर्ट लें। जो विपक्ष मुद्दे उठा रहा है, उनमें कितना दम है, अगर दम नहीं है तो कोई बात नहीं, राजनीति कर रहे होंगे। अगर दम है तो उन पर कार्रवाई करनी चाहिए।

प्रदेश के हालातों को लेकर गहलोत बोले- केवल जयपुर से काम नहीं चलेगा। गांवों तक जाकर देखना होगा। गुंडागर्दी हो रही है। माफिया हावी है।

## ट्रेड यूनियन्स का दावा-25 करोड़ कर्मचारी कल हड़ताल पर

### बैंक-डाकघर में काम बंद रहेगा, परिवहन सेवाएं ठप हो सकती हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं कल यानी 9 जुलाई को प्रभावित हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों का दावा है कि देशभर में कल 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।ट्रेड यूनियंस निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं।पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी है। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है। फॉर्मल सेक्टर मतलब वो नौकरियां या बिजनेस जहां सब कुछ साफ-साफ और नियमों के तहत होता है। जैसे सरकारी दफ्तर, बैंक, बड़ी फैक्ट्रियां, या मल्टीनेशनल कंपनियां। यहां सैलरी फिक्स्ड होती है, प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस, और छुट्टियां जैसे फायदे मिलते हैं।

## नगर निगम हेरिटेज ने 300 किलो अवैध मछलियां जब्त की

### नाराज व्यापारियों ने निगम कर्मचारियों के साथ की मारपीट, 10 दुकान हुई सील

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नगर निगम हेरिटेज अवैध मीट की दुकानों के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर निगम के पशु प्रबंधन शाखा के दस्ते ने 300 किलो अवैध मछलियों को जब्त किया। 10 मीट और मांस की दुकानों को सील भी किया गया। इस दौरान कल्याण जी के रास्ते में कार्रवाई करने पहुंची नगर निगम की टीम के साथ स्थानीय व्यापारियों ने मारपीट के साथ अभद्रता की। इसके बाद निगम की टीम ने व्यापारियों के खिलाफ राज कार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज करवाया है।दरअसल, नगर निगम हेरिटेज द्वारा अभियान के तहत अवैध मीट की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को



नगर निगम के पशु प्रबंधन शाखा के दस्ते ने सिविल लाइन जोन में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान नगर निगम की टीम सबसे पहले 22 गोदाम पुलिया के नीचे पहुंची। जहां अवैध रूप से मछली मार्केट चल रहा था। जहां से नगर निगम की टीम ने 300 किलो अवैध मछली जब्त की। जिसे बिना स्वास्थ्य परीक्षण और स्वीकृति के छोटे - छोटे दुकानदारों तक पहुंचाया जाना था। इसके साथ ही मंगलवार के दिन नियम विपरीत संचालित हो रही मीट की 10 दुकानों को भी सील किया गया। नगर निगम कमिश्नर डॉ निधि पटेल ने बताया- 22 गोदाम पुलिया के नजदीक अवैध रूप से मछली मार्केट संचालित होने की शिकायत मिली थी। इसकी शिकायत पर आज निगम की टीम द्वारा छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। इस दौरान 300 किलो अवैध मछली जब्त की गई है। इसके साथ ही मंगलवार के दिन नियम विपरीत मीट और मांस बेचने वाली 10 दुकानों को भी सील किया गया है।पटेल ने कहा कि भविष्य में भी नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र में अवैध दुकानों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।




## घरेलू वेज थाली जून में 8% सस्ती हुई-आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर, नॉन-वेज थाली की कीमत में भी 6 प्रतिशत गिरावट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8त्न घटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून -2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी।क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली



की कीमत मई की तुलना में जून में 3त्न बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी।

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6त्न घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी।मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4त्न बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपए थी।

अक्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 24त्न घटकर 32 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। प्याज के दाम में 27प्रतिशत और आलू के भाव में 20प्रतिशत की गिरावट आई है। इस कारण वेज थाली की कीमत में गिरावट हुई है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24त्न हिस्सेदारी होती है।

**सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. )** 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि॑बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# अव्यवस्थाओं से अटा वार्ड 47, वाशिन्दे अव्यवस्थाओं को लेकर त्रस्त

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** नगरनिगम का वार्ड 47 वर्तमान में अव्यवस्थाओं से अटा हुआ है। जिस कारण वहां के वाशिन्दे उन अव्यवस्थाओं को लेकर त्रस्त है। अपनी समस्याओं से संबधित अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन अभी तक समाधान नहीं निकला।

क्षेत्रीय निवासी सुभाष जैन ने बताया कि पूर्व में जो पानी निकासी की व्यवस्था यह थी की सभी घरों ओर वर्षा का पानी प्लॉट दव 56 के अंदर से होता हुआ कीर्ति विला (अभी निमार्णाधीन कॉम्प्लेक्स) से पकी नली जो पूर्ण रूप से ढकी हुई थी निकासी सुचारू रूप से थी और नाली का पक्का निर्माण नगर विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया था, जिस को ढकने का कार्य कीर्ति विला के निर्माण के समय हुआ। नगरनिगम द्वारा सभी मकानमालिकों यह कहा कि इसका स्थाई निस्तारण के लिए कमेटी द्वारा नाली को 56 प्लॉट से लेकर पीछे की नाली में मिला देंगे, नाली का निर्माण कर बना दिया ओर नाली की खुदाई कॉर्नर से आगे स्कूल तक कर दी गई, ओर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ कर गली के बाहर से बंद कर



दिया, ओर निकासी का समाधान नहीं करने से 17 जून को आई वर्षा का पानी घरों में भर गया,ओर सीवरेज में सड़क का पानी सीवरेज में 19 जून को किया, ओर यह आश्वासन दिया की अब वर्षा का पानी घरों में नहीं आएगा।

गत 5 जुलाई को हुई बारिश ने नवनिर्माण नाली ओर नगरनिगम द्वारा निर्माण की पोल खोल दी ओर पानी पूरी सड़क पर ओर घरों में आ गया। पहले पानी का नेचुरल ढलान के हिसाब से यूआईटी ने पाइपलाइन डालकर पानी कीर्ति विला के दीवार के पास होते हुए में रोड पर निकला था अब कीर्ति विला और पूर्व पार्षद जारोली ने मिलकर पूर्व के पानी का रास्ता बंद कर दिया और मामा की दुकान की तरफ पानी निकल रहे हैं ऊपर पानी कैसे चढ़ेगा यह नगर निगम के इंजीनियरिंग को सोचना चाहिए एवं पार्षद को भी सोचना चाहिए पानी हमेशा ढलान की तरफ ही बहता है ऊपर कभी पानी नहीं जाएगा इसलिए पानी वापस कीर्ति मिला की तरफ से ही निकला जाएं। सीवरेज से सभी घरों और सड़क के पानी की निकासी का समाधान नहीं निकला है।

## सदर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने झारेड़ा के हनुमान मंदिर के पास से देसी कट्टा के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त अभियान में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान झारेड़ा निवासी भूपेंद्र मीना के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था।एएसआई बदन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने झारेड़ा स्थित हनुमान मंदिर के पास से आरोपी को पकड़ा। पुलिस टीम में प्रधान, निर्मल, अमोल और डीएसटी टीम से सत्येंद्र, धर्मवीर, पालवेन्द्र, रवि, कुलदीप और अमीर शामिल थे।पुलिस अब आरोपी से देशी कट्टा और कारतूस की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में धर्मवीर और कुलदीप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिव महापुराण कथा में कार्तिकेय व गणेश जी की उत्पत्ति का वर्णन किया

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** रीठौली के सिद्ध बाबा की तपोभूमि पर जानकीदास व संत रामदास के सानिध्य मेआयोजित 11कुंडीय महायज्ञ व शिवपुराण मे आचार्य ने मगलवार को कार्तिकेय जी व गणेश जी की उत्पत्ति की कथा सुनाई। संत रामदास ने बताया कि तपोभूमि पर आयोजित शिवपुराण कथा मे आचार्य पं.मोनू शास्त्री ने शिव,पार्वती के पुत्र कार्तिकेय एवं गणेश जी की उत्पत्ति की कथा सुनायी।ब्रम्ह्मा जी के बरदान के अनुसारदैत्यराज तारिकासुर का बध शिव पार्वती के पुत्र द्रारा होगा।देवताओं की पुकार सुनकर शिव पार्वती की दैवीय शक्ति पूंज को गंगा जी ने धारण किया। 6बालकों की उत्पति हुयी।जिनको 6कृतिकाओं ने पावन किया।शिवशंकर ने योगमाया से 6बालकों को एक बना कर कार्तिकेय की उतपत्ति की।कार्तिकेय ने तारिकासुर का बध किया। गणेश जी की उत्पत्ति पार्वती के शरीर पर हल्दी लेपन से हुयी। कैलाश मे मां पार्वती की तपस्या मे सुरक्षा के लगे बालक ने शिवजी नही जाने दिया।शिव ने बालक का सिर धड से अलग कर दिया।पार्वती जी कुपित हो गयी।शिवजी ने हथेली के पुत्र के सिर को बालक के धड पर लगाने से गज मुख धारी गणेश जी की उत्पत्ति हुयीं।

## विप्र संवाद ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर ने किया वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** विप्र संवाद ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर ने मंगलवार को वैवाहिक वर्षगांठ पर अपनी धर्म पत्नी अनुराधा के साथ आलनपुर स्थित नर्शरी में पोधा रोपण कर आम, सहसूत, जामुन आदि के पाँच पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया! पाराशर ने कहा कि ऐसे विशेष अवसर पर हमे अपने नैतिक कर्तव्यों का निर्वहन कर पुण्य कार्य करने चाहिए! उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अधिक से अधिक पौधारोपण करें! पाराशर के वैवाहिक वर्षगांठ पर पूर्व मुख्यमंत्री वशुंधरा राजे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी, रामचरण बोहरा विप्र कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष महेश शर्मा विधायक ऋतु भनावत सहित सामाजिक संगठनो के पदाधिकारियों ने शुभकामनायें दी।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय संगठन का 10 जुलाई को शिविर

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय संगठन के मानव अधिकार सहायता शिविर का आयोजन गुरुवार को होगा। जानकारी के अनुसार 10 जुलाई गुरुवार को प्रात: 9.00 बजे से शाम 6.00 बजे तकअंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय संगठन के तत्वाधान में सहायता परामर्श एवं जानकारी शिविर का आयोजन किया जाएगा। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रीना सच्चर ने जानकारी में बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नीरज सिंह अलवर एवं श्रीमती चमन कवर के नेतृत्व में आयोजित शिविर कार्यक्रम में पीड़ित व्यक्ति और परिवारों को मानव अधिकार के प्रति सहायता एवं जागरूक करने की जानकारियां दी जाएगी । और विवादित मसलों का निस्तारण किए जाने हेतु,परामर्श निशुल्क रहेगा। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रीना सच्चर ने यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय संगठन के शिविर का उद्देश्य यह है कि ।समाज में हो रहे घरेलू सामाजिक एवं मानसिक शोषण पारिवारिक विवाद महिला उत्पीड़न न्याय से वंचित आदि जैसे गंभीर मुद्दों पर पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाना उन्हें कानूनी जानकारी एवं परामर्श देना तथा मानव अधिकारों के प्रति जागरूक करने की प्रमुखता रहेगी । शिविर का आयोजन गुरुवार को शहर के नेकचाल रोड वार्ड नंबर 1 में स्थित सामुदायिक भवन में होगा।

## माता अंजना की मूर्ति स्थापना और विशाल भण्डारा शनिवार को

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ।** कस्बे के निकटवर्ती आसपुरा स्थित बावड़ी वाले बालाजी मंदिर में शनिवार को माता अंजना की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया जायेगा। आयोजक समिति सदस्य जगन यादव ने बताया कि शनिवार को प्रात: 8:15 बजे कस्बे के विभिन्न मार्गों से महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, शुक्रवार को माता अंजना को नगर भ्रमण भी करवाया जायेगा, जिसमें क्षेत्र के लोगों को माता अंजना की झांकी देखने का अवसर मिलेगा। शनिवार को माता अंजना की मूर्ति स्थापना के बाद भव्य जागरण का आयोजन किया जायेगा, जिसमें क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। 12 जुलाई की दोपहर में माता अंजना व बालाजी महाराज के भोग लगाकर पंगत प्रसाद का वितरण किया जायेगा, जिसमें क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित किया गया है। आयोजक समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजक समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों की भागीदारी से यह और भी भव्य बनेगा।

# खण्डेलवाल वैश्य समाज समिति द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** खण्डेलवाल वैश्य समाज समिति की ओर से आज दिल्ली के चांदनी चैक से सांसद प्रवीण खण्डेलवाल का उदयपुर प्रवास पर आज सेन्ट्रल एरिया स्थित समाज की धर्मशाला में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए सांसद खण्डेलवाल ने कहा कि समाज से हमारी पहिचान है। देश मे 25 करोड़ वैश्य समाज ने करीब 35 करोड़ लोगों को रोजगार दे रखा है इसके बावजूद हमारी गिनती नहीं होती है। समाज का कोई भी व्यक्ति उंचे पद पर पंहुचता है तो समाज को गर्व होता है। समाज ने मुझे रहन-सहन, खाननपान, उठने-बैठने का




तरीका सिखाया। समाज का मुझ पर ऋण है। देश में शीघ्र ही जनगणना होने वाली है। समाजजन जाति पूछने पर वैश्य बतायें। जब समाज एकजुट नहीं होता है तो उसकी गिनती कहीं नहीं होती है। देश में सबसे पहले हमनें छात्रवृत्ति व विधवा सहायता योजना प्रारम्भ की। उन्होंने कहा कि समाज को अब स्कील डवलपमेन्ट और डिजिटल टेक्नोलोजी का उपयोग करना है। समाज के होनहार बच्चों को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाना है।

इस अवसर पर यूसीसीआई के अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया ने कहा कि समाज की एकजुटता समाज,शहर, राज्य व देश में नये आयाम स्थापित करती है। सांसद प्रवीण खण्डेलवाल ने समाज के लिये बहुत कार्य किये।

इस अवसर पर समाज के दिलीप खण्डेलवाल ने सांसद प्रवीण खण्डेलवाल के समक्ष समाज को भूखण्ड उपलब्ध करानें हेतु स्थानीय अधिकारियों से बात करने की मांग रखी है। इस पर सांसद ने मनीष गलुण्डिया से सम्पर्क करने को कहा। प्रारम्भ में अतिथियों ने श्रीनाथ की छवि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। समाज की ओर से प्रवीण खण्डेलवाल उपरना, पगड़ी एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अंत में समाज की ओर से उन्हें स्मृतिचिन्ह के रूप में श्रीनाथजी की तस्वीर भेंट की गई। इस अवसर पर अनेक समाजजन,महिलायें व पदाधिकारी मौजूद थे।

## रोटरैक्ट क्लब ऐश्वर्या को बेस्ट क्लब सहित मिला दोहरा सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरैक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या ने रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 के प्रतिष्ठित कार्यक्रम 'आभार' में दो प्रमुख सम्मान प्राप्त कर अपनी सेवा और नेतृत्व की क्षमता का प्रदर्शन किया है।

क्लब को सर्वश्रेष्ठ रोटरैक्ट क्लब' के पुरस्कार से नवाजा गया है। आईपीडीजी रोटेरियन डॉ. निर्मल कुणावत ने यह सम्मान प्रदान किया। इसके अलावा शिल्पग्राम, उदयपुर के दर्पण सभागार में आयोजित एक अन्य समारोह में क्लब को मुख्य अतिथि एडीम सिटी वार सिंह



द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

ऐश्वर्या कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रितु पालीवाल ने कहा कि क्लब को प्राप्त यह सम्मान उसकी बहुमुखी प्रतिभा और सार्वजनिक जुड़ाव को दर्शाती है। एक पुरस्कार रोटरी के भीतर उसकी संगठनात्मक और सेवा उत्कृष्टता को प्रमाणित करता है, जबकि दूसरा व्यापक सार्वजनिक और सांस्कृतिक पहलों में उसकी भागीदारी को स्वीकार करता है। इस अवसर पर रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या से रोटरेक्टर शमील शेख ने कहा रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट (प्रान्त 3056) का 'आभार' कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण वार्षिक आयोजन है, जहाँ रोटरी और रोटरैक्ट क्लबों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों और सेवा परियोजनाओं को मान्यता दी जाती है। इस प्रतिष्ठित 'आभार' कार्यक्रम में, रोटरैक्ट क्लब ऐश्वर्या को 'सर्वश्रेष्ठ रोटरैक्ट क्लब' के पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है साथ ही यह सामाजिक भागीदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## विकास वर्मा कांग्रेस सेवा दल में जिला महासचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल में एक नई नियुक्ति हुई है, जिसमें पावटा उपखंड क्षेत्र के कुनेड़ निवासी विकास वर्मा को जिला महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई के निर्देशानुसार हुई है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश मुख्य संगठक हेमसिंह शेखावत ने बताया कि जोन प्रभारी राजेन्द्र सिंह अडवाना और संभाग प्रभारी रमेश मीना के निर्देशानुसार फतेहपुरा खुर्द निवासी महिला कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष सुमन यादव और जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव एवं कांग्रेस



पदाधिकारी बजरंग लाल यादव की अनुशंसा पर विकास वर्मा को यह दायित्व सौंपा है। विकास वर्मा की नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए हेमसिंह शेखावत ने कहा कि विकास वर्मा एक सक्रिय और जिम्मेदार कार्यकर्ता हैं और उन्हें यह नई जिम्मेदारी देने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास वर्मा अपनी नई भूमिका में संगठन के लिए बेहतर काम करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। विकास वर्मा ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी नई भूमिका में संगठन के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस नियुक्ति से कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और सभी ने विकास वर्मा को बधाई दी है।

## सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को करें लाभान्वित -प्रेमचन्द बैरवा

### उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा का किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा का निवाई आगमन पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित श्री ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन के समीप विधायक रामसहाय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं व पार्षदों ने स्वागत करके नगरीय विकास पर चर्चा की। उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा हर क्षैत्र में चौमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को कार्यकर्ता घर-घर पहुंचाएं व वंचित लोगों को लाभान्वित करें। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा, मोहित चंवरिया, बाबूलाल सैनी, शंकरलाल सैनी, रमाकान्त शर्मा, यांगेन्द्रसिंह नाथवत, रामकेश मीणा, रामविलास बलाई, नारायणलाल यादव व जितेन्द्र धारवाल सहित कई कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री बैरवा को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

## वाल्मीकि सरस्वती संस्कार केंद्र पर प्रवास

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** विद्या भारती शिक्षा संस्थान कोटा द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतभाटा के वालमीकि सरस्वती संस्कार केंद्र पर जिला संस्कार केंद्र प्रमुख बाल कृष्ण सुमन का प्रवास रहा इस अवसर पर केंद्र संचालक दीदी सुश्री मनीषा गोसर उपस्थिति रही बहन मानवी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया वंदना के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए भैया बहनों को हनुमान जी के जीवन से शिक्षा प्राप्त करने वाली बात बताई गई संस्कार गीत कविताओं के माध्यम से भैया बहनों को जीवन जीने की पद्धति से अवगत कराया गया जिला संस्कार केंद्र प्रमुख जी द्वारा भैया बहनों को हिंदी भाषा में मात्राओं एवं बारहखडी की जानकारी दी गई तथा गणित में गिनती के माध्यम से पहाड़ा बनाना सिखाया गया भैया बहनों को खेल-खेल में शिक्षा कैसे मिले इसकी जानकारी देते हुए कुछ खेल खिलाए गए जिनके माध्यम से अंक ज्ञान,सम/ विषम संख्या का ज्ञान ध्यान केंद्रित करने वाले खेल जिसमें महापुरुषों की श्रृंखला पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्ष लगाने का संदेश देते हुए खेल खिलाए गए सेवा संस्कार जैसे गुण भैया बहनों में जागृत हो इसको लेकर विद्या भारती द्वारा संचालित इस केंद्र पर कुल 35 भैया बहन शिक्षा और संस्कार प्राप्त कर रहे हैं भैया बहनों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता केंद्र का संपूर्ण खर्च समाज या विद्या भारती संस्थान द्वारा वहन किया जाता है केंद्र के अंत में सभी भैया बहनों द्वारा शांति मंत्र सर्वे भवंतु सुखिना की कामना करते हुए बड़े होकर समाज और देश की सेवा करने का संकल्प किया ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार घायल टोंक रेफर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ललवाड़ी चोराहे के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार एक युवक गंभीररूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा मय पुलिस जाप्ते के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि मुकेशकुमार बैरवा पुत्र गोपीलाल बैरवा निवासी सांवत गढ जिला बूंदी बाईक पर सवार होकर जयपुर से बूंदी जा रहा था। इसी दौरान ललवाड़ी चोराहे के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक के टक्कर मार दी जिससे वह गंभीररूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को राजकीय उप जिला अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया। जिसकी चिन्ताजनक स्थिति होने पर चिकित्सकों ने उसे टोंक सआदत अस्पताल में भर्ती कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# समस्त स्ट्रीट वेंडर्स केबिन एवं लारी वाले व्यवसायियों ने राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी कपासन को ज्ञापन सौंपा

### समस्याओं का समाधान नहीं होने पर व्यवसाई करेंगे आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर के समस्त स्ट्रीट वेंडर्स केबिन एवं लारी वाले व्यवसायियों ने अपनी समस्याओं के संबंध में मंगलवार को राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को ज्ञापन सोपा गया।

नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष भवानीशंकर लोहार ने बताया कि जिन केबिन व्यवसायियों को नगर पालिका प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के बर्बरता पूर्वक तानाशाही रवैये के साथ हटाया गया है।उन्हें नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुन: उचित स्थान प्रदान किया जाये।जहां पर समस्त केबिन व्यवसायियों द्वारा अपना व्यवसाय संचालित कर रोजगार



कर सके।जो केबिन एवं लारी वाले वर्तमान में रोजगार कर रहे हैं।उनको नहीं हटाया जाये।अगर इन्हें हटाया जाता है तो इससे पूर्व इन लोगों के व्यवसाय की वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिये।समस्त केबिन एवं लारी व्यवसायी भारत सरकार की स्ट्रीट वेंडर योजना के अंतर्गत आते हैं।जिसके तहत सभी को स्ट्रीट वेंडर्स योजना का लाभ दिलाते हुवे क्योस्क योजना के अंतर्गत दुकाने देने की ज्ञापन में मांग की गयी है।

गौरतलब है कि नगर कपासन के स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन कैबिन एवं लारी व्यवसायीयो ने प्रशासन से मांग की है कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा 7 दिवस में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।तो आंदोलन का रुख अपनाया जायेगा।जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों की होगी की होगी।

इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस सचिव मांगीलाल बैरवा, कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव मोहनलाल गाडरी,नगर कांग्रेस कमेटी पूर्व महासचिव गुड्डू खान पठान,नगर कांग्रेस कमेटी पूर्व उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिरोया, श्यामलाल लोहार,रमेशचंद्र भांड,जमनालाल कच्छावा, मस्जिद खान भिश्ती,छगनलाल,मंजूर खान,रईस मोहम्मद, सद्दाम हुसैन,दिलावर,शराफत खान,इकबाल हुसैन,रामलाल मेघवाल,अयूब खान,कुलवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पेच रिपेयर कार्य व जलभराव निस्तारण के लिए युद्धस्तर पर अभियान जारी

बढ़ता राजस्थान




जयपुर (का.स.)। जयपुर विकास प्राधिकरण वर्षा के दौरान उत्पन्न हो रही समस्याओं—विशेषत: सड़कों की क्षति और जलभराव—के निस्तारण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। आमजन की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जेडीए द्वारा शहरभर में पेच रिपेयर कार्य व जलनिकासी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि हाल की भारी वर्षा के कारण कई प्रमुख सड़कों पर आमजन को आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए, जेडीए ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्र में पेच रिपेयर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।जेडीए की प्राथमिकता शहरवासियों को बेहतर सड़कें उपलब्ध कराना है। पेच रिपेयर कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। जेडीए के विभिन्न जोनों के अधिशासी अभियंताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, मिट्टी के कट्टों के साथ-साथ कोल्ड मिक्स पद्धति का उपयोग कर पेच रिपेयर कार्य लगातार करवाया जा रहा है।

## ऋतु शोधन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में पंचकर्म विभाग द्वारा नि:शुल्क बस्ति कर्म शिविर का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर के पंचकर्म विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में शरीर की शुद्धि, वात दोषों के शमन एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि हेतु ऋतु शोधन कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 11 जुलाई 2025 से 19 अगस्त 2025 तक नि:शुल्क बस्ति कर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष शिविर का शुभारंभ 08 जुलाई, मंगलवार को संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सलाहकार कौस्तुभ उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा की जन-जागरूकता एवं जन-स्वास्थ्य संवर्धन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। पंचकर्म विभाग द्वारा आयोजित यह बस्ति कर्म शिविर, जनसामान्य को आयुर्वेद चिकित्सा के प्रभावी लाभ प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है।पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल ने बताया कि बस्ति कर्म, पंचकर्म चिकित्सा की एक प्रमुख एवं प्रभावशाली विधि है, जो विशेष रूप से वर्षा ऋतु में अत्यंत प्रभावकारी मानी जाती है। यह चिकित्सा शरीर की शुद्धि, वात दोष के शमन तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह क्रिया आंतों की सफाई का प्राकृतिक व आयुर्वेदिक तरीका है।बस्ति कर्म चिकित्सा से हमें कई स्वास्थ्य के लाभ होते है जिनमें मुख्यत वात दोष में नियंत्रण, पाचन तंत्र की सफाई, कब्ज, जोड़ों के दर्द, लकवा, वातरोग, गठिया, कमरदर्द आदि में लाभकारी, रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) में वृद्धि, त्वचा रोग, मानसिक विकार, नाड़ी विकार आदि में सहायक होता है। वर्षा ऋतु को बस्ति कर्म के लिए सर्वश्रेष्ठ ऋतु माना गया है, क्योंकि इस समय वात दोष प्रबल होता है और शरीर को शुद्ध करने की आवश्यकता होती है। बस्ति कर्म न केवल रोग निवारण का माध्यम है, बल्कि यह रोगों की रोकथाम एवं संपूर्ण स्वास्थ्य रक्षा की एक सशक्त आयुर्वेदिक प्रणाली है। यह चिकित्सा केवल योग्य आयुर्वेद चिकित्सक की देखरेख में ही करवाई जानी चाहिए।इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सकों की देखरेख में रोगियों को नि:शुल्क परामर्श एवं चिकित्सा प्रदान की जाएगी। संस्था द्वारा अधिक से अधिक लोगों से इस आयुर्वेदिक उपचार का लाभ उठाने की अपील की गई है। इस अवसर पर डॉ. किरण, डॉ. वैभव, डॉ. मिलिंद के साथ संस्थान के कार्यकारी परिषद् (ई.सी.) के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं, आगुंतकों को राजकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रतानुसार उनका लाभ सुनिश्चित करें-जिलाकलक्टर

## जिला कलक्टर ने किया बीडीएम अस्पताल का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान




कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने मंगलवार को राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय कोटपूतली का आकस्मिक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से संवाद कर दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने चिकित्सालय के मेडिकल इमरजेंसी, ट्रोमा सेंटर, ब्लड बैंक, आईसीयू, डायलेसिस, एसएनसीयू, एमसीएच, सोनोग्राफी, आईपीएचएल लैब व अन्य वार्डों का निरीक्षण कर सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने रोगियों एवं तीमारदारों को आवश्यक सुविधाऐं सुनिश्चित कर सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ देने के निर्देश दिये। अस्पताल के इमरजेंसी एवं ओपीडी सहित अन्य वार्डों में भ्रमण कर रोगियों से चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर उनसे कुशलक्षेम जाना तथा अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में आने वाले रागियों को निःशुल्क दवा एवं निःशुल्क जांच आदि सुविधाओं की जानकारी लेकर चिकित्सीय जांच हेतु अस्पताल में उपलब्ध सभी उपकरणों के रखरखाव की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित स्टाफ की जानकारी लेकर नियमित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।जिला कलेक्टर ने वार्डों एवं चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष जताते हुए वार्डों में रोगियों के बैडों की चादरों को नियमित रूप से बदलने एवं नियमित सफाई करने तथा चिकित्सालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल आदि व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगंतुकों को राजकीय योजनाओं कि जानकारी सरल भाषा में देते हुए उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करें। इस दौरान पीएमओ डॉ. चैतन्य रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सालय मे प्रतिदिन औसतन ओपीडी 2.5 से 3 हजार, आई.पी.डी करीब 100 चल रही है। चिकित्सालय में 3 सोनोग्राफी मशीन, 10 एक्स-रे मशीन, 2 डिजीटल सीआर सिस्टम, 5 डायलेसिस मशीन क्रियाशील उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 2 चिकित्सकों द्वारा 60-70 सोनोग्राफी प्रति चिकित्सक द्वारा की जा रही है। इसके अलावा प्रतिमाह 3500 एक्स-रे, प्रतिमाह औसतन डिलीवरी-150, डायलेसिस औसतन प्रतिमाह 50 किये जा रहे है तथा इस संस्थान में संचालित आई.पी.एच.एल लैब में 107 प्रकार की जांचे की जा रही है एवं प्रतिमाह 60 हजार जांचे हो रही है साथ ही चिकित्सालय मे 24×7 ईसीजी सुविधा उपलब्ध है एवं प्रतिमाह 1300 ईसीजी की जा रही है।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, उपनियंत्रक डॉ. घनश्याम गहलोत, डीएनओ रविकांत जांगिड़, नर्सिंग अधीक्षक मक्खन लाल वर्मा एवं पूरण सिंह शेखावत, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जेडीए ने दो स्थानों से सड़क सीमा में आ रहे अतिक्रमणों को हटाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-2 में विद्याधर नगर अलका सिनेमा के सामने रोड़ न. 1 की फुटपाथ, सडक सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-7 में टैगोर नगर हनुमन बाटिका अजमेर रोड पर रोड सीमा मे आ रहे अतिक्रमणों को ध्वस्त कर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-पीआरएन-साउथ में गैर अनुमोदित योजना गौरी विहार के भू. सं. 10 ए में किए गये अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।



महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित विद्याधर नगर अलका सिनेमा के सामने रोड़ न. 1 की फुटपाथ, सडक सीमा पर करीब 15 स्थानों पर अस्थाई अतिक्रमण कर लगाये गये थडी, ठेले, टेबल, कुर्सियां, बांस, तम्बूं, तिरपाल, पत्थर की पट्टियां इत्यादि लगाकर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर फुटपाथ, रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा जोन-07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टैगोर नगर हनुमान बाटिका अजमेर रोड पर सडक सीमा मे आ रहे अवैध अतिक्रमण 04 टीनशेडनुमा कोठरी, लेट-बॉथ, बाउन्ड्रीवॉल इत्यादि अवैध निर्माण अतिक्रमणों को आज जोन-07 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर सडक सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन- 02, 07, पी.आर.एन.(साउथ), तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भुलाया नहीं जा सकता : विजयवर्गीय



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर सांगानेर विधानसभा, भारतीय जनता पार्टी सांगानेर मंडल के वार्ड 88 रामपुरा रोड पर 8 जुलाई को प्रात: 9 बजे भाजपा राजस्थान जयपुर जिला के द्वारा चलाए जा रहे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं आपातकाल दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्ड संयोजक हरीनारायण चौधरी जी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम विजयवर्गीय ने सबसे पहले श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ .श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता, जम्मू कश्मीर यदि आज उन्नति की और अग्रसर है तो उसके प्रेरणा के स्तोत्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही है जिन्होंने एक देश एक निशान एक विधान की आवाज बुलंद की थी। विजयवर्गीय ने आपातकाल को काला अध्याय बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने विचारों की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिश की थी जिसका परिणाम आज कांग्रेस को भोगना पड़ रहा है। विजयवर्गीय ने सभी देशवासियों को राष्ट्र के लिए समर्पित रहने का आव्हान किया और कहा के भारत देश का अटल बिहारी वाजपेयी जी के बाद पहली बार ऐसा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के रूप में मिला जिससे विदेशों में भारत का मान बढ़ा। विजयवर्गीय ने सांगानेर के कार्यकर्ताओं को आव्हान करते हुए बताया कि सांगानेर के लिए गौरव का विषय है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी शर्मा आज हमारे सांगानेर विधान सभा का प्रतिनिधित्व करते है इससे सांगानेर के कार्यकर्ता और जनता का मान सम्मान बड़ा है और सांगानेर जनता और कार्यकर्ताओ की भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह भजन लाल जी के हाथ मजबूत करे। कानूनी विभाग के जिला संयोजक खेमचंद शर्मा एडवोकेट,मंडल महामंत्री छोटू राम गुर्जर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र के बारे में बताया। कार्यक्रम के संयोजक कैलाश सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता तेज़कांत नागरवाल,अशोक शर्मा, पार्षद प्रत्याशी दमयंती नोगिया, ओमप्रकाश यादव, भंवर सेन, बुद्धि प्रकाश, मोहन सिंह, दीपचंद महावर, वरुण शर्मा ,विनोद कुमार सहित बूथ अध्यक्ष एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उन्सुले हिंदी (जंगली प्याज) यूनानी चिकित्सा में जादुई औषधि :डॉ लियाक़त अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जंगली प्याज यह जंगलों में चट्टानों पर बिना उगाये उगने वाला प्याज होता हैं यानी यह चट्टानों या चट्टानी सतहों पर उगता है । भारत के हिमालयी क्षेत्रों में विशेषताया उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश आदि में 1500 मीटर की ऊँचाई तक पाया जाता हैं । यह जंगली प्याज कंद वाला शाकीय पौधा होता है। इसके शल्क कन्द नाशपाती आकार का होता है तथा स्वाद में यह तीखा होता है। जंगली प्याज जून से सितम्बर तक फलता फूलता है। प्रकृति से यह कड़वा, तीखा और गर्म तासीर का होता है। यह वात को कम करता है लेकिन पित्त को बढ़ाता है। इस जंगली प्याज का वानास्पतिक नाम अर्जीनिया इण्डिका है यह जंगली प्याज लिलिएसी कुल का है। अंग्रेजी में इसे इण्डियन सिक्विल कहते हैं। हिंदी में इसे वन कांदा , उर्दू में जंगली प्याज , इंग्लिश में इण्डियन स्क्विल , अरबी में उन्सुले हिंदी या बसफलाफार-ए-हिन्दी और फ़ारसी में प्याज ए दश्त ए हिन्दी या पियाज सहराई नाम से जाना जाता हैं ।

**जंगली प्याज के फायदे** गांवों में ट्रेडिशनल औषधियों के रूप में इसके शल्क कंद का प्रयोग किया जाता है इस जंगली प्याज को यूनानी चिकित्सा में विशेष स्थान प्राप्त है जिसे निम्न रोगों में इस्तेमाल किया जाता है —




1. ब्रोंकाइटिस या श्वास नलिका शोथ —खाँसी से नाक और फेफड़े के बीच का हवा मार्ग की सूजन को दूर करता हैं । इसके रस से बने सिरप का सेवन किया जाता हैं ।

2. ?कृमि रोग में—इसके कंद का काढ़ा बनाकर 20 मिली मात्रा में पीने से पेट के कृमि नष्ट हो जाते है एवं पेट दर्द में भी राहत मिलती है।

3. ?गुर्दे और पथरी रोग में —इसके कंद का काढ़ा बनाकर पीने से किडनी की बीमारीयों एवं किडनी स्टोन को निकालने में बहुत मदद मिलती है।

4. ?रक्तस्राव को रोकता है — गर्भाशय या यूटेरस की ब्लीडिंग को रोकने में किया जाता है ।

5. अर्थराइटिस —जंगली प्याज के कंद को पीसकर त्वचा में लगाने से शरीर एवं जोड़ों के दर्द में आराम देता है।

6. खुजली—किसी भी तरह की खुजली में जंगली प्याज के कंद को पीसकर त्वचा में लगाने से खुजली में आराम मिलता है।



**जंगली प्याज की चाय कैसे बनाते है**

सबसे पहले एक प्याज को धोकर काट लें और फिर पानी उबालें और उसमें प्याज के टुकड़े डालें , जब पानी उबल जाए तो उसमें नींबू का रस और ग्रीन टी बैग मिला लें , अब इसे छानकर अपनी पसंद के अनुसार शहद मिला लें और हेल्दी अनियन टी का मजा लें ।यह चाय सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों को दूर करती हैं , यह सेहत के लिए फायदेमंद है और स्वाद में भी बेहतरीन है ।

जंगली प्याज के दुष्परिणाम — अधिक मात्रा में सेवन करने से पित्त बढ़ने से जी मिचलाना, मूत्र से खून आना, दिल का दौरा एवं मृत्यु भी हो सकती है। इसका प्रयोग अनुभवी यूनानी चिकित्सक के परामर्शानुसार ही किया जाना चाहिए।

डॉ लियाक़त अली मंसूरी
(यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा थैरेपी स्पेशियलिस्ट )
सवाई मानसिंह अस्पताल,
जयपुर (राज.)

## श्रीराम विहार मान्यवास मे गरीब बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान – पोशाक वितरण कार्यक्रम में उमड़ा स्नेह,सहयोग और सामाजिक एकता

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** आर्थिक विषमता के कारण जब समाज के कई बच्चे शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं, तब कुछ संवेदनशील व्यक्ति और संस्थाएं ऐसे बच्चों की सहायता के लिए आगे आकर एक नई उम्मीद जगाते हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक आयोजन स्थानीय विद्यालय में देखने को मिला, जहां सैकड़ों बच्चों को नि:शुल्क स्कूल पोशाक वितरित की गई।इस कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष उदय तोदवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी ओर से बच्चों के लिए इस आयोजन की पहल की गई।टीएसवी ग्रुप ऑफआर्गेनाइजेशन श्रीराम विहार मान्यवास जयपुर मे संचालित है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत धौली प.स. मालपुरा - टोंक

क्रमांक:-पसमा/लेखा/2025-26/91 दिनांक:- 20.6.2025

### ई निविदा आमंत्रण सूचना

पंचायत समिति मालपुरा की अधीनस्थ ग्राम पंचायत धौली में महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की विभिन्न योजनाओं में वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर निर्माण सामग्री आपूर्ति हैण्डपम्प/ट्यूबवैल रिपेयरिंग पार्टस आपुर्ति अन्य कार्य एवं उपकरयण किराये पर लेने हेतु वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं/निविदा दाताओं से वार्षिक दर संविदा के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑनलाईन निविदायें दिनांक 24.6.2025 को प्रात: 10 बजे से दिनांक 3.7.2025 को सांय 6 बजे तक आमंत्रित की जाती है।निविदा संबंन्धी विस्तृत जानकारी www.sppp.rajsthan.gov.in एवम www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय पर देखा जा सकता है।

NIB code ZTN2526A0503
UBN Code ZTN2526GLO800547

**प्रशासक/ ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत धौली प.स.**
**मालपुरा ( टोंक )**

## सम्पादकीय

# आत्मविश्वास, संतुलन और संवाद से मोदी ने ब्रिक्स को बनाया विकासशील देशों की आशा का मंच

इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स को केवल एक आर्थिक मंच नहीं, बल्कि एक रणनीतिक, वैचारिक और नैतिक मंच बना दिया है जो पश्चिमी प्रभुत्व के विकल्प के रूप में उभर रहा है।2025 की ब्रिक्स शिखर बैठक ने एक बार फिर यह साबित किया है कि यह समूह न केवल वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में संतुलन लाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन और भारत की नीतिगत प्राथमिकताओं ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की स्थायी भूमिका को रेखांकित किया है। इस बैठक में जहां एक ओर भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज़ को मजबूती दी, वहीं दूसरी ओर चीन, रूस और ब्राजील जैसे अहम सहयोगियों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने की पहल भी की।ब्रिक्स बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की बात करें तो आपको बता दें कि उनका आत्मविश्वास, संतुलन और संवाद देखने लायक था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बैठक में तीन स्तरों पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।

1. ग्लोबल साउथ का नेतृत्व– विकासशील देशों की समस्याओं और आकांक्षाओं को केंद्र में रखते हुए भारत ने ' बनने की भूमिका निभाई।

2. संवाद के माध्यम से मतभेदों का समाधान– बिना टकराव के, संवाद और संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत ने चीन और रूस दोनों के साथ अपने हितों को स्पष्ट रूप से रखा।

3. सतत विकास और समावेशी वैश्वीकरण – डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, हरित ऊर्जा, और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर भारत ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण साझा किया।

इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स को केवल एक आर्थिक मंच नहीं, बल्कि एक रणनीतिक, वैचारिक और नैतिक मंच बना दिया है जो पश्चिमी प्रभुत्व के विकल्प के रूप में उभर रहा है। यह स्पष्ट हो रहा है कि भारत अब केवल भागीदार नहीं, बल्कि नीति-निर्माता और संतुलनकर्ता की भूमिका निभा रहा है- वह भी आत्मविश्वास, गरिमा और स्थिरता के साथ। साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल की सराहना करते हुए ब्रिक्स देशों को इस अनुभव से सीख लेने की सलाह दी और आत्मनिर्भर भारत की नीति को वैश्विक आत्मनिर्भरता की अवधारणा से जोड़ा और कहा कि एक-दूसरे पर निर्भर होकर भी आत्मनिर्भर राष्ट्र बन सकते हैं।

देखा जाये तो ब्रिक्स शिखर बैठक 2025 ने यह सिद्ध किया कि यह मंच अब केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और व्यावहारिक महत्व का बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट, दूरदर्शी और समावेशी विचारों ने भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को उजागर किया। आने वाले वर्षों में ब्रिक्स भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माता के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनता रहेगा। इसके अलावा, ब्रिक्स समूह की ओर से पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करना और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने का दृष्टिकोण अपनाना तथा इससे मुकाबला करने में दोहरे मापदंड त्यागने के भारत के रुख को दोहराना, भारतीय विदेश नीति की एक बड़ी जीत है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 9 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 455 रोमन सैन्य कमांडर एविटस को पश्चिमी रोमन साम्राज्य का सम्राट घोषित किया गया।
- 660 ह्वांगसानबेल की लड़ाई- सिला सेना ने बैक्जे की सेना को हराया, जनरल ग्येबेक मारा गया।
- 695 माया शहर कोपन में 18 खरगोश (याक्स कुक मो) सिंहासन पर चढ़ा।
- 711 बर्बरों ने तारिक इब्न ज़ियाद के नेतृत्व में उत्तरी स्पेन पर कब्ज़ा किया।
- 1357 चार्ल्स चतुर्थ ने प्राग में चार्ल्स ब्रिज की आधारशिला रखी।
- 1386 सेम्पाच की लड़ाई- स्विस ने ऑस्ट्रिया के ड्यूक लियोपोल्ड तृतीय को हराया।
- 1401 तुर्क-मंगोल शासक टेमरलेन ने बगदाद को नष्ट किया, 20,000 लोग मारे गए।
- 1517 गेल्डरसे भीड़ डाकुओं ने एस्परन की आबादी की हत्या की।
- 1536 फ्रांसीसी नाविक जैक्स कार्टियर कनाडा से सेंट-मालो, फ्रांस लौटे।
- 1541 एस्टेवाओ दा गामा ने इथियोपिया के सम्राट की सहायता के लिए सेना भेजी।
- 1553 सीवरशौसेन की लड़ाई- सैक्सन-ब्रुनविक गठबंधन ने ब्रैंडेनबर्ग-बेयरेउथ की सेना को हराया।
- 1572 गोरकम शहीद- कैल्विनवादी उग्रवादियों ने 19 कैथोलिक पादरियों को फांसी दी।
- 1609 सम्राट रुडोल्फ द्वितीय ने बोहेमियन प्रोटेस्टेंटों को धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान की।
- 1672 विलियम तृतीय को हॉलैंड और ज़ीलैंड का स्टैडहोल्डर नियुक्त किया गया।
- 1686 जर्मनी, स्वीडन और स्पेन ने ऑग्सबर्ग में फ्रांस विरोधी लीग पर हस्ताक्षर किए।
- 1745 फ्रांसीसी जहाज़ डु टेइलै और एलिज़ाबेथ ने बोनी प्रिंस चार्ली को स्कॉटलैंड ले जाते समय युद्ध किया।
- 1755 फोर्ट ड्यूक्सने की लड़ाई- फ्रांसीसी सैनिकों ने ब्रिटिश सेना को हराया।
- 1762 कैथरीन द ग्रेट ने पीटर तृतीय को अपदस्थ कर रूस की महारानी बनीं।
- 1776 न्यूयॉर्क में जॉर्ज वाशिंगटन की सेना के समक्ष अमेरिकी स्वतंत्रता की घोषणा पढ़ी गई।
- 1780 डेनमार्क ने तटस्थता की घोषणा की और सशस्त्र तटस्थता लीग में शामिल हुआ।
- 1789 फ्रांसीसी क्रांति- नेशनल असेंबली का नाम नेशनल कॉन्स्टिट्यूएंट असेंबली रखा गया।
- 1790 स्वेन्सकसुंड की दूसरी लड़ाई- स्वीडिश नौसेना ने रूसी बेड़े पर कब्ज़ा किया।
- 1795 जेम्स स्वान ने अमेरिका का 2,024,899 डॉलर का राष्ट्रीय ऋण चुकाया।
- 1800 माउंट वर्नोन गार्डन अमेरिका का पहला ग्रीष्मकालीन थिएटर स्थल बना।
- 1807 फ्रांस, रूस और प्रशिया ने टिलसिट की दूसरी संधि पर हस्ताक्षर किए।

विशेष आलेख

# ब्रिक्स बनाम अमेरिका: टैरिफ युद्ध की नई दस्तक



प्रो. आरके जैन

**ब्रिक्स समूह, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे नए सदस्य शामिल हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रभावशाली शक्ति बन चुका है। 2024 में चार नए देशों और 2025 में इंडोनेशिया के शामिल होने से इस समूह का दायरा और बढ़ गया है। ब्रिक्स देशों की कुल जनसंख्या विश्व की लगभग आधी है।**

वैश्विक मंच पर एक नया तूफान खड़ा हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ताजा चेतावनी ने ब्रिक्स देशों के साथ व्यापारिक और भू-राजनीतिक तनाव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 9 जुलाई 2025 को समाप्त होने वाली जवाबी टैरिफ की समयसीमा और ब्राजील में चल रहे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बीच ट्रम्प का यह बयान कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगेगा, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। यह केवल व्यापार युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन में एक गहरी दरार का प्रतीक है।

अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी टैरिफ की कहानी अप्रैल 2025 से शुरू होती है, जब ट्रम्प प्रशासन ने विश्व भर के व्यापारिक साझेदारों पर 10% से 49% तक टैरिफ की घोषणा की थी। भारत जैसे देशों पर 26% टैरिफ लगाया गया, जबकि चीन पर 34% और दक्षिण अफ्रीका पर 30% टैरिफ निर्धारित किया गया। हालांकि, वैश्विक दबाव के चलते इन टैरिफ को 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया, जिसकी समयसीमा अब 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। ट्रम्प ने 7 जुलाई को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ऐलान किया कि 12 देशों को टैरिफ पत्र भेजे जाएंगे, जिनमें कोई अपवाद नहीं होगा। यह कदम न केवल ब्रिक्स देशों को निशाना बनाता है, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था को भी चुनौती देता है।

ब्रिक्स समूह, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे नए सदस्य शामिल हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रभावशाली शक्ति बन चुका है। 2024 में चार नए देशों और 2025 में इंडोनेशिया के शामिल होने से इस समूह का दायरा और बढ़ गया है। ब्रिक्स देशों की कुल जनसंख्या विश्व की लगभग आधी है, और यह समूह वैश्विक जीडीपी का 40% और व्यापार व निवेश प्रवाह का 25प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करता है। ऐसे में, ब्रिक्स का बढ़ता प्रभाव अमेरिका के लिए असहजता का कारण बन रहा है, खासकर जब यह समूह अमेरिकी डॉलर की वैश्विक प्रभुता को चुनौती देने की कोशिश कर रहा है।

17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रियो डी जेनेरियो में जारी संयुक्त घोषणापत्र में ब्रिक्स देशों ने अमेरिका की एकतरफा टैरिफ नीतियों की कड़ी आलोचना की। घोषणापत्र में कहा गया कि टैरिफ और गैर-टैरिफ उपाय वैश्विक व्यापार को विकृत करते हैं और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते हैं। ब्रिक्स ने एक खुले, निष्पक्ष, और नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की वकालत की, जो वैश्विक मंदी और धीमी वृद्धि को रोकने के लिए आवश्यक है। इस बयान ने ट्रम्प के गुस्से को और भड़का दिया, जिन्होंने इसे अमेरिका विरोधी करार देते हुए 10% अतिरिक्त टैरिफ की धमकी दी।

ट्रम्प का यह रुख नया नहीं है। जनवरी 2025 में भी उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी थी कि अगर वे डॉलर के विकल्प के रूप में नई मुद्रा विकसित करते हैं, तो 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यह धमकी ब्रिक्स की उस महत्वाकांक्षा से जुड़ी है, जिसमें वह अमेरिकी डॉलर और यूरो पर वैश्विक निर्भरता को कम करने के लिए एक वैकल्पिक भुगतान प्रणाली या नई मुद्रा की दिशा में काम कर रहा है। 2022 के 14वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस विचार की नींव रखी गई थी, और रूस-चीन जैसे देशों ने रूबल और युआन में 95प्रतिशत व्यापार शुरू कर इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से जटिल है। एक ओर, भारत ब्रिक्स का एक प्रमुख सदस्य है, जो वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरी ओर, अमेरिका के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी और 8 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार इसे टैरिफ युद्ध में नाजुक स्थिति में डालता है। भारत ने अप्रैल में लगाए गए 26% टैरिफ को पूरी तरह हटाने की मांग की है, और दोनों देशों के बीच सितंबर-अक्टूबर तक एक अंतरिम व्यापार समझौते की उम्मीद है। हालांकि, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा और किसी भी डेडलाइन के दबाव में समझौता नहीं करेगा।

ट्रम्प की नीतियों का प्रभाव केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और रत्न-आभूषण जैसे क्षेत्र, जो भारत के लिए 14 अरब और 9 अरब डॉलर के निर्यात बाजार हैं, इस टैरिफ युद्ध से बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, फार्मास्यूटिकल्स और ऊर्जा क्षेत्रों को फिलहाल छूट दी गई है, जो भारत के 12.2 अरब डॉलर के दवा निर्यात के लिए राहत की बात है। फिर भी, विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय में टैरिफ में बदलाव इन क्षेत्रों को भी प्रभावित कर सकते हैं।

ब्रिक्स देशों का जवाबी रुख भी कम आक्रामक नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि ब्रिक्स का उद्देश्य किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि समावेशी और सहकारी विकास को बढ़ावा देना है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले साल अमेरिका पर डॉलर को हथियार बनाने का आरोप लगाया था, और ब्रिक्स की नई मुद्रा की योजना को वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिकी प्रभुत्व के खिलाफ एक कदम माना जा रहा है।

# शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, और जागरूकता से ही होगा अंधविश्वासों का खात्मा



सुनील कुमार महता

**परंपराओं, या व्यक्तिगत अनुभवों पर आधारित होते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि ये अक्सर परंपराओं और रीति-रिवाजों से जुड़े होते हैं, जिनका पालन बिना किसी तर्क या प्रमाण के किया जाता है। हाल ही में अंधविश्वास के चक्कर में बिहार में परिवार के पांच लोगों की हत्या की खबरें मीडिया की सुर्खियों में आईं थीं।**

**अंधविश्वास किसी तर्क या प्रमाण पर आधारित नहीं होते हैं, बल्कि ये अक्सर मान्यताओं,**

आज हम इक्कीसवीं सदी में सांस ले रहे हैं। यह युग विज्ञान और तकनीक का युग है जहां आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का प्रयोग किया जा रहा है। विज्ञान और तकनीक के इस दौर के बीच भारत आज भी एक बहुत ही धार्मिक देश है, जहां अलग-अलग धर्म, संप्रदायों, वर्गों के लोग आपसी सहयोग, सद्भावना से रहते हैं, लेकिन विज्ञान और तकनीक के इस दौर में भी आज भी भारतीय समाज में कहीं न कहीं अंधविश्वास की जड़ें अब भी कम गहरी नहीं हैं। आज जरूरत इस बात की है कि अंधविश्वास की इन जड़ों को समूल नष्ट किया जाए।वास्तव में अंधविश्वास, अज्ञानता, डर, या तर्कहीन विश्वासों पर आधारित एक विश्वास या प्रथा है। यह अक्सर अलौकिक शक्तियों, भाग्य, या कुछ कार्यों या वस्तुओं के शुभ या अशुभ प्रभावों में विश्वास से जुड़ा होता है। अंधविश्वास किसी तर्क या प्रमाण पर आधारित नहीं होते हैं, बल्कि ये अक्सर मान्यताओं, परंपराओं, या व्यक्तिगत अनुभवों पर आधारित होते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि ये अक्सर परंपराओं और रीति-रिवाजों से जुड़े होते हैं, जिनका पालन बिना किसी तर्क या प्रमाण के किया जाता है। हाल ही में अंधविश्वास के चक्कर में बिहार में परिवार के पांच लोगों की हत्या की खबरें मीडिया की सुर्खियों में आईं थीं।अंधविश्वास के कारण हैवानों ने पति-पत्नी और बच्चों को मार डाला, यह बहुत ही दुखद है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पूर्णिया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत राजीगंज पंचायत के टेटगामा वार्ड-10 में डायन का आरोप लगाकर गांव के ही एक ही परिवार के पांच लोगों की पीट-पीटकर और जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। इसी प्रकार से आजमगढ़ में पुत्र की चाहत में एक महिला अंधिविश्वास की भेंट चढ़ गई। परिजनों का आरोप है कि तांत्रिक ने झांड़फूंक के नाम पर नाले का गंदा पानी पिलाया जिससे उसकी मौत हुई। इतना ही नहीं, मध्यप्रदेश के एक गांव में देवस्थान के चबूतरे पर नरबलि देने का मामला भी सामने आया है। इसी प्रकार से कुछ समय पहले महाराष्ट्र के अमरावती जिले में अंधविश्वास की वजह से मासूम बच्चे के साथ दरिंदगी की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। जानकारी के अनुसार यहां एक महिला ने 10 दिन की नवजात बच्ची को पेट दर्द से राहत दिलाने के नाम पर उसे गर्म लोहे की छड़ से दाग दिया। दरअसल अंधविश्वास %आत्मज्ञान% के अभाव में पनपता है, व्यक्ति को ज्ञान का अभाव होता है। यह देखा गया है बहुत बार हमारी आस्था ही अंधविश्वास में बदल जाती है। वास्तव में, जब हमारी आस्था हमारी आत्मा और हमारे ज्ञान का गला घोंटने लगती है, तो हम अपने सोचने-समझने की क्षमताएं खो देते हैं और वहीं जाकर अंधविश्वास का रूप धारण कर लेता है।'अंधविश्वास' एक नकारात्मक भावना है, जबकि 'आस्था' एक सकारात्मक। आस्था हमें आगे बढ़ाती है, जबकि अंधविश्वास पीछे की ओर ढकेलता है। आस्था हमारे विश्वास का 'दृढ़ और अडिग स्वरूप' है, जबकि अंधविश्वास, विश्वास का एक विचलित और विकृत स्वरूप होता है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राकेश कुमार शर्मा जो की शिक्षा विभाग के उपनिदेशक से सेवानिवृत हुए हैं। 26 जून सन 1963 को अलवर में जन्मे राकेश कुमार शर्मा शुरू से ही होनहार और ऊर्जावान रहे। पिता भी सेवानिवृत प्रधानाचार्य हैं जिन्होंने एमए इंग्लिश और इकोनॉमिक्स व हिंदी से की है सात भाई बहन हैं, सभी शिक्षित संस्कारी तथा सेवारत और इनकी माताजी भी पढ़ी लिखी हैं। पिताजी से अच्छे संस्कार,भक्ति भाव, नैतिकता व सांस्कृतिक व साहित्यिक ज्ञान मिला। शहर से ही स्कूली शिक्षा करने के बाद राज ऋषि कॉलेज से बीएससी एमएससी गणित से की। संगीत वाद्य यंत्र बजाने में दक्षता है और हारमोनियम ढोलक तबला आदि बजा लेते हैं । एक अच्छे खिलाड़ी भी रहे हैं राकेश जी क्रिकेट, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के अच्छे खिलाड़ी रहे। सन 1987 में राजकीय सेवा में आए जहां केंद्रीय विद्यालय ग्वालियर में गणित की विशेष दीक्षा देकर अनेक विद्यार्थियों को एनडीए में चयन कराया इसके बाद 91 से 94 तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाटिका में रहे। आरपीएससी से प्राध्यापक गणित का चयन हुआ और 1994 प्रधानाध्यापक बने राजकीय माध्यमिक विद्यालय सौखरी खानपुर जाट में इसके बाद 2003 में शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी बने 2007 से 2009 तक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमैरण, 2009 से 2016 तक अकबरपुर में गवर्नमेंट स्कूल में प्रधानाचार्य रहे । अकबरपुर रहते हुए इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कराया स्टाफ की कमी होने और शैक्षिक वातावरण ना होने के कारण स्कूल में नामांकन ना के बराबर था ऐसे में अच्छा प्लेटफार्म तैयार कराया गांव-गांव,ढाणी-ढाणी घूमें, लोगों से संपर्क किया और सर्वश्रेष्ठ आदर्श विद्यालय के प्रधानाचार्य के रूप में 26 जनवरी 2016 को इन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया गया। उनके अथक प्रयास के कारण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर में नामांकन 1067 हुआ। अकबरपुर स्कूल के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि भी इतनी थी कि गार्गी पुरस्कार के उमैरण में 300 बालिकाओं के चेक में से आधे 150 से अधिक अकबरपुर की बालिकाओं के होते परिणाम 100 प्रतिशत के आसपास ही रहे। खेलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बालकों की अच्छी उपलब्धि रही। कोई बाहर से बड़े अधिकारी आते तो अकबरपुर स्कूल का ही निरीक्षण पहले करवाते थे। सचिव स्तर के अधिकारी भी सराहना करते थे । इसके बाद 2019 तक काली पहाड़ी प्रधानाचार्य रहे यहां भी सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनवाया शिक्षा मंत्री श्री वासुदेव देवनानी ने उद्घाटन किया और विद्यालय की सराहना की । 2018 से 2019 तक जिला शिक्षा अधिकारी चित्तौड़गढ़ रहे 2019 से 2022 तक जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक अलवर रहे अलवर में शैक्षणिक स्तर में सुधार पर विशेष जोर दिया तथा बाल वैज्ञानिकों के विकास हेतु विशेष अभियान चलाकर इंस्पायर अवार्ड के पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त नामांकन करवाएं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उजवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा



राकेश कुमार शर्मा
(सेवानिवृत उपनिदेशक शिक्षा)

## संस्मरण

# राजनीति में सिद्धांतों के योद्धा माने जाते थे पूर्व पीएम चंद्रशेखर

भारत के 8वें प्रधानमंत्री रहे चंद्रशेखर का 08 जुलाई को निधन हो गया था। प्रधानमंत्री बनने से पहले वह किसी राज्य या केंद्र में मंत्री पद पर नहीं रहे थे। भले ही उनका बतौर प्रधानमंत्री कार्यकाल छोटा रहा, लेकिन उससे कहीं ज्यादा लंबा उनका राजनीतिक सफर रहा है।

भारत के 8वें प्रधानमंत्री रहे चंद्रशेखर का 08 जुलाई को निधन हो गया था। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले पूर्व पीएम चंदशेखर %युवा तुर्क% और %क्रांतिकारी जोश% के नाम से भी फेमस रहे। बता दें कि प्रधानमंत्री बनने से पहले वह किसी राज्य या केंद्र में मंत्री पद पर नहीं रहे थे। लेकिन फिर भी चंद्रशेखर की आवाज संसद से लेकर सड़क तक गूंजती थी। भले ही उनका बतौर प्रधानमंत्री कार्यकाल छोटा रहा, लेकिन उससे कहीं ज्यादा लंबा उनका राजनीतिक सफर रहा है। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर पूर्व पीएम चंद्रशेखर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और शिक्षा

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी गांव में 17 अप्रैल 1927 चंद्रशेखर का जन्म हुआ था। शुरूआती शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से राजनीति शास्त्र में पोस?ट-ग्रेजुएशन किया। उन्होंने युवावस्था में ही सामाजिक न्याय और समानता के लिए आवाज उठाना शुरूकर दिया था। साल 1950 में वह समाजवादी आंदोलन से जुड़े और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के जरिए राजनीतिक यात्रा शुरू की थी।

राजनीतिक सफर

साल 1962 में वह पहली बार बलिया से लोकसभा के लिए चुने गए थे। तब से चंद्रशेखर की भारतीय राजनीति में उपस्थिति लगातार मजबूत होती चली गई। साल 1960 और 1970 के दशक में वह कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। इस दौरान वह %युवा तुर्क% के रूप में उभरे। उन्होंने गरीबों और वंचितों के लिए जोरदार आवाज उठाई। समाजवादी नीतियों और बैंकों के राष्ट्रीयकरण जैसे कदमों के समर्थन ने चंद्रशेखर को जनता के बीच लोकप्रिय बनाया।साल 1975 में आपातकाल के समय उन्होंने इंदिरा गांधी की नीतियों का विरोध किया और जेल भी गए। लेकिन इस कठिन समय में भी उनके सिद्धांतों के प्रति निष्ठा अडिग रही। साल 1977 में चंद्रशेखर ने जनता पार्टी के गठन में अहम भूमिका निभाई। साल 1995 में चंद्रशेखर को उत्कृष्ट सांसद का पुरस्कार दिया गया।

देश के 8वें पीएम

तभी तमाम सियासी उथल-पुथल के बीच 10 नवंबर 1990 को चंद्रशेखर ने देश के 8वें पीएम के तौर पर शपथ ली।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

### वृष
वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन
मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क
कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह
सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या
कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषत: शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला
तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप राजनीति में भी हाथ आजमाने की सोचेंगे। यदि आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है।

# जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सआदत चिकित्सालय का निरीक्षण किया

## रोगी अस्पताल में उपचार के लिए परेशान नहीं हो और उसे बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिले

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** आमजन सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए परेशान नहीं हो और उन्हें अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलें। इसे लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सआदत अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने सआदत अस्पताल के निरीक्षण के दौरान वार्डों में जाकर रोगियों एवं उनके परिजनों से मिल रहे उपचार की जानकारी ली एवं डॉक्टरों व चिकित्सा स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पीएमओ डॉ. हनुमान प्रसाद बैरवा एवं दवा वितरण केंद्रों के स्टाफ को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत सभी काउंटरों पर दवा मिले। बीमार मरीज को दवा लेने के लिए अलग-अलग काउंटरों पर नहीं भेजें, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। रोगी के स्थान पर अपने आप को रखकर सोचे। उनकी परेशानी को और नहीं बढ़ाएं। जिला कलेक्टर ने डेढ घंटे के अपने निरीक्षण के दौरान हर वार्ड में जाकर चिकित्सा व्यवस्था की स्थिति को देखा। उन्होंने टेली मेडिसिन के ई संजीवनी पोर्टल पर रोगियों को ऑनलाइन उपचार देने के संबंध में पीएमओ को निर्देशित किया कि रोग के अनुसार विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा उपचार की जानकारी दी जाए। जिला कलेक्टर ने सोनोग्राफी पंजीकरण काउंटर पर जाकर रोगियों से बात की। चिकित्सा स्टाफ ने बताया कि सोनोग्राफी में 24 घंटे से ज्यादा वेटिंग नहीं रहती है।

### गहलोद हाई लेवल ब्रिज एवं नवीन चिकित्सालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

जिला कलेक्टर ने बनास नदी पर बन रहे टोंक, पीपलू एवं मालपुरा को जोड़ने वाले गहलोद हाई लेवल ब्रिज के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता एचएल मीणा से ब्रिज के निर्माण कार्य के अपडेट स्थिति की जानकारी ली। साथ ही, इसे तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। एसई ने बताया कि इस ब्रिज का निर्माण कार्य आगामी एक से दो माह में पूर्ण हो जायेगा। इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने सआदत अस्पताल के समीप बन रहे नवीन चिकित्सालय के निर्माण कार्य को भी देखा। निर्माण कार्य कर रही आरएसआरडीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश गुप्ता से मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज के निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली।



### रोगियों ने चिकित्सा सुविधाओं को बताया बेहतर

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर को पुरानी टोंक निवासी खुशनूर, रिजवाना एवं निवाई निवासी फोरंती ने बताया कि अस्पताल की चिकित्सा सुविधाएं बेहतर है। समय-समय पर डॉक्टर एवं चिकित्सा स्टाफ सार-संभाल करने के लिए आते है। इस दौरान जिला कलेक्टर से ग्राम हमीरपुर से आए दिव्यांग सीताराम ने दिव्यांग चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाने की गुहार लगाई। जिला कलेक्टर ने पीएमओ को दिव्यांग का चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया, नायब तहसीलदार पूजा अटल भी मौजूद रहे।

## 24 किसानो को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड के रीण्डलिया बुजुर्ग ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय योजना के शिविर में कृषि विभाग की ओर से क्षेत्र के 24 किसानो को मृदा स्वास्थ्य जांच कार्ड वितरित किए गए। मंगलवार को रीण्डलिया ग्राम बुजुर्ग पंचायत मुख्यालय पर शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कृषि पर्यवक लोकेश दीपक ने किसानो को सरकार की ओर से किसानो के कल्याण व विकास के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही योजनाओं से लाभान्वित होने के तरीको के बारे में बताया। कृषि विभाग के आईटी सेल प्रभारी जुगराज सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 24 किसानो को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया।

## हरिराम गुर्जर जिलाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षैत्र के नगर गांव निवासी हरिराम गुर्जर को भारतीय गुर्जर परिषद के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त कर अपनी कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। परिषद के प्रदेश संयोजक मोहनलाल बागड़ी ने परिषद के अखिल भारतीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियो की अनुमति से नगर ग्राम निवासी हरिराम गुर्जर को परिषद के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र में बागड़ी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को पद की गरिमा एवं सम्मान बनाए रखने के लिए कार्य करने व शीध्र अपनी कार्यकारिणी की धोषणा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सत्संग आज, महोत्सव कल

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड के टोरड़ी स्थित बाबा कल्याणदास जी की बगीची में पूज्य संत श्री मोतीगिरी जी महाराज के पावन सानिंध्य में गुरू पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर सत्संग व जागरिण बुधवार को तथा गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन गुरूवार को किया जाएगा। सेवादार राजाराम गूंजा ने बताया कि बुधवार को सम्पूर्ण रात्रि विराट भजन संध्या व सत्संग का आयोजन होगा। वहीं गरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें हजारो की संख्या में गुरू के शिष्य भाग लेकर गुरू को नमन करेगें। इसी क्रम में गुरूवार को सायंकाल के समय महाप्रसादी का आयोजन होगा।

## चौथ माता के दर लेपर्ड : परिक्रमा स्थल के लगाए चक्कर, सीढ़ियां चढ़कर पहुंचा परिसर में

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** चौथकाबरवाड़ा स्थित चौथ माता मंदिर में देर रात एक लेपर्ड आ गया। रात करीब 11.45 बजे मंदिर परिसर में लेपर्ड ने काफी देर तक चहलकदमी की। साथ ही एक कुत्ते का शिकार भी किया। घटना के समय पुजारी ओमप्रकाश सहित अन्य और पुजारी भी मंदिर में ही थे। शोर मचाने पर लेपर्ड जंगल की ओर चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लेपर्ड पहले मंदिर की परिक्रमा में घूमता रहा। फिर धीरे-धीरे ऊपर की सीढ़ियों की ओर बढ़ा और परिसर के भीतर दाखिल हो गया। इस दौरान उसने एक आवारा कुत्ते पर हमला कर उसे मार डाला। कुत्ते की चीख-पुकार से यहां मौजूद सभी पुजारियों की नींद टूटी और जब वे बाहर आए तो लेपर्ड सीढ़ियों से ऊपर चढ़ता दिखाई दिया। मंदिर की सीढ़ियों के पास लगवा रहे जालियां चौथ माता ट्रस्ट मंत्री दास सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए मंदिर की सीढ़ियों के पास जालियां लगाई जा रही है। कुछ स्थानों पर जालियां नहीं होने के कारण लेपर्ड वहां से अंदर आ जाता है। ऐसे में वहां भी जाली लगाई जा रही है।

## भाजपा गुरु पूर्णिमा पर करेगी साधु संतों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी (10 जुलाई) को गुरु पूर्णिमा महोत्सव वृहद स्तर पर मनाएगी । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सवाई माधोपुर जिले में भी जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में प्रत्येक मंडल स्तर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा! महोत्सव के दौरान क्षेत्र में आने मंदिरों के पुजारियों साधु एवं संतो का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया जाएगा। गौरलतब है कि भारतीय जनता पार्टी गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संगठनात्मक कार्यक्रम के रूप में राज्य स्तर से लेकर जिला एवं मंडल स्तर पर मनाएगी जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता भाग लेंगे।

# जिला कलेक्टर ने अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया, लाभार्थियों को सौंपे आवासीय पट्टे

बढ़ता राजस्थान




**टोंक,( का.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उपखंड निवाई दौरा कर ग्राम पंचायत भरथला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण कर शिविर में आमजन के किए जा रहे काम का अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थियों एवं आमजन से संवाद कर शिविर में लाभ प्राप्त करने एवं शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने उपखंड अधिकारी अनिता खटीक व बीडीओ राजेश्वरी यादव को निर्देश दिये कि शेष रहे कैंपों में सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे जिससे आमजन को इन कैंपों का पूरा लाभ मिल सके। साथ ही, यह सुनिश्चित करें कि शिविर में अधिकाधिक लोगों की परिवेदनाओं पर आवश्यक कार्यवाही कर मौके पर लाभ दिया जावे।

### अंत्योदय संबल पखवाड़ें में लोगों को मिले आवासीय पट्टे

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए सहारा बने है। मंगलवार को ग्राम पंचायत भरथला में आयोजित शिविर में 5 लोगों बलराम सिंह, प्रहलाद सैन, कमलेश कंवर, जसोदा देवी और रमेश चंद मीणा का उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इन लोगों को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टे सौंपे गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभार्थियों ने कहा कि ग्राम पंचायत में आयोजित इस शिविर में त्वरित कार्रवाई करते हुए, पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव ने उनके आवेदन स्वीकार करवाए। इसके बाद सरपंच और ग्राम पंचायत के कार्मिकों ने सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा किया। आवासीय पट्टे प्राप्त होने पर लाभार्थियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## पंच गौरव कार्यक्रम : विभागवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में पंच गौरव कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन एवं प्रभावी संचालन हेतु सोमवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई । जिला कलक्टर ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों की समीक्षा कर विभागवार कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देश प्रदान किए। उद्यान विभाग को वर्ष 2025-26 में अमरूद की बागवानी का क्षेत्रफल बढ़ाने, दो दिवसीय सेमिनार आयोजित करने तथा अमरूद के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हेतु प्रस्ताव राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में सम्मिलित करने हेतु राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए गए। साथ ही अमरूद को क्लस्टर विकास योजना में शामिल कर प्रस्ताव एक माह में केंद्र सरकार को भेजने, अमरूद प्रसंस्करण एग्रो यूनिट की स्थापना हेतु प्रस्ताव तैयार करने और किसानों को पैकेजिंग प्रशिक्षण देने की कार्ययोजना भी बनाई गई। उन्होंने जिले में फुटबॉल खेल को प्रोत्साहन देने के लिए समय-समय पर फुटबॉल मैचों का आयोजन कराने के निर्देश जिला खेल अधिकारी अब्दुल वहीद को प्रदान किए। वहीं चयनित ग्राम पंचायतों में संसाधन अंतर की पहचान करने तथा जिला फुटबॉल फेडरेशन के सहयोग से व्यापक स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही खिलाड़ियों के लिए किट व प्रशिक्षक की व्यवस्था करने की बात कहीं। बैठक में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक डॉ. डिम्पल गुर्जर, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सुग्रीव मीना, उप निदेशक उद्यान डॉ. हेमराज मीना एवं जिला खेल अधिकारी अब्दुल वहीद आदि उपस्थित रहे।

## दौसा विधायक चोरों के निशाने पर, महीनेभर में तीसरी बार चोरी

### मोबाइल-बाइक के बाद, अब ट्रैक्टर-ट्रॉली ले गए

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ दौसा (राकेश शर्मा)।** दौसा से कांग्रेस विधायक दीनदयाल (डीसी) बैरवा एक महीने में तीसरी बार चोरों के निशाने पर आए हैं। पहले उनका मोबाइल, फिर घर से बाइक और रविवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गई।तीन वारदातों के बाद विधायक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की। लिखा- चोरों के हौसले बुलंद है, पुलिस नाम की रह गई। बताया कि 11 जून को राजेश पायलट की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में मोबाइल चोरी हुआ था। जिसके बारे में मेरे पीएसओ ने पुलिस को सूचना देकर जानकारी उपलब्ध कराई थी। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद घर से बाइक और रविवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गई। दौसा सदर थाना इंचार्ज रविंद्र कुमार का कहना है कि मोबाइल चोरी के संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं मिली। बाइक चोरी का मामला पहले से ही दर्ज है, जिसमें चोर की तलाश की जा रही है। ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी होने की रिपोर्ट मिली है, एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मामले को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। लिखा- हाल-ए-राजस्थान, डकैतों का बोलबाला, विधायक तक सुरक्षित नहीं। मुख्यमंत्री, आपके गृह विभाग, मतलब प्रदेश की कानून-व्यवस्था इतनी बदहाल हो चुकी है कि दौसा के विधायक डीसी बैरवा का पहले मोबाइल चोरी, फिर विधायक निवास से मोटरसाइकिल और आज रात ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी।

## लोकतंत्र में चुनाव व चुनावो में मतदाता सूची महत्त्वपूर्ण : अमित कुमार चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी अमित कुमार चौधरी ने कहा है कि लोकतंत्र में चुनाव और चुनावो मूं मतदाता सूची महत्वपूर्ण होते हैं। चौधरी मंगलवार को राउमावि के आडिटोरियम में निर्वाचन आयोग, निर्वाचन विभाग और जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार मतदाता सूची पुर्ननिरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियो के लिए आयोजित प्रशिक्षण में मौजुद बूथ लेवल अधिकारियो को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर पर चौधरी ने कहा कि भारत एक लोकतांन्त्रिक देश है। लोकतान्त्रिक देश होने के चलते समय समय पर चुनाव होते रहते हैं। चुनावो में मतदाता अपने मताधिकार के जरिए अपने जनप्रतिनिधि का निर्वाचन कर सत्ता की बागडोर संभलाते हैं। चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव और चुनावो में मतदाता सूची महत्वपूर्ण होते हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए बूथ लेवल अधिकारियो को अपना काम पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा से कर अपने कर्तव्यो का पालन करना चाहिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची पुर्ननिरीक्षण के दौरान मतदाता सूचीयो का प्रकाशन किया जाएगा। इन पर दावे आपत्ति मांगे जाने के अलावा इस दौरान मतदाता सूची में शामिल बोगस व फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने के साथ साथ 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूचीयो में जोड़ने का काम होगा। उन्होंने कहा कि इस काम में पूर्ण पारदर्शिता का होना आवश्यक है जिससे कोई भी अपने काम पर अंगुली नहीं उठा सके। साथ ही चौधरी ने बूथ लेवल अधिकारियो को मतदाता सूची पुर्ननिरीक्षण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस शिविर में मालपुरा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में भाग संख्या 101 से 191 तक के बूथ लेवल अधिकारियो ने भाग लिया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अधिकारियो को दक्ष प्रशिक्षको द्वारा मतदाता सूची पुर्ननिरीक्षण कार्य को लेकर आवश्यक

### त्वरित समाधान व पारदर्शिता पर जोर दें : देवाशीष पृष्टि

## प्रभारी सचिव ने पचीपल्या शिविर का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का जिला प्रभारी एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टि ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख शासन सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा लाभार्थियों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज, आयुष्मान कार्ड, आवासीय पट्टे आदि वितरित किए। उन्होंने उपस्थित आमजन से संवाद कर शिविरों से अधिकाधिक लाभ उठाने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। डॉ. पृष्टि ने अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से यूडीआईडी कार्ड के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण एवं दिव्यांगजनों की पेंशन सत्यापन हेतु ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने ग्राम में जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ली और अंतिम छोर तक स्वच्छ जल पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग से पोषाहार वितरण एवं जिले में अति कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर विशेष निगरानी की बात कहीं। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को अमरूदों में फैल रहे नीमाटोड रोग पर विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव ने श्रम विभाग को 90 दिन से अधिक कार्य करने वाले श्रमिकों का समन्वित पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से हुए पांच तकासमों (खाता विभाजन) की जानकारी ली गई। पखवाड़े में राजस्व विभाग द्वारा सहमति से विभाजन के 5, सीमाज्ञान के 2, नामांतकरण के 36 एवं रास्तों के 2 प्रकरणों को निस्तारण किया गया। प्रमुख शासन सचिव ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से एनएफएसए व अंत्योदय कार्डधारकों को मिलने वाले लाभ की जानकारी ली। 45 लंबित प्रकरणों में से शेष 32 के सत्यापन को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ओपीडी/आईपीडी में रोगी के नाम के साथ पता दर्ज कर मौसमी बीमारियों की निगरानी एवं जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन की बात कहीं। निरीक्षण के दौरान प्रमुख शासन सचिव डॉ. पृष्टि ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, एसडीएम अनूस सिंह, विकास अधिकारी जगदीश मीणा, तहसीलदार नीरू सिंह, सरपंच अंजु नारायणीया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जगन्नाथ मन्दिर मेल स्थल पहुँचे नेता प्रतिपक्ष पूजा कर भगवान की प्रदेश की खुशहाली की कामना



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भगवान जगन्नाथ मंदिर, रूपबास अलवर के वार्षिक मेले में पहुँचकर प्रभु की पावन शरण में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जूली बोले रूप हरि मंदिर में भगवान जगन्नाथ के विष्णु अवतारए जानकी जी और सीताराम जी की अलौकिक दिव्य मूर्ति के दर्शन कर मन आत्मिक शांति और भक्ति भाव से भर उठाए शंखध्वनिए घंटियों की गूंज और भक्तों के हरिनाम संकीर्तन की भक्ति में ऐसा लगा मानो स्वयं वैकुंठ पृथ्वी आ गए। उन्होंने कहा कि अलवर में धार्मिक आस्था का यह अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि जगन्नाथ प्रभु से मेरी यही प्रार्थना है कि वे हम सब पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखेंए जन का कल्याण करें और समाज में सद्भाव व शांति का संचार करें। उन्होंने कहा कि जगन्नाथ जी का मेला अपनी वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के लिए प्रसिद्ध हैए जिसमें भगवान जगन्नाथ को इंद्र विमान रथ में ले जाया जाता है। रथ यात्रा पुराने अलवर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरती है जिसे बड़ी संख्या में लोग इसे देखने के लिए उमड़ पड़ते हैं। इस अवसर पर पूर्व डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर, हरिशंकर रावत,छंगामल लखेरा, रामगोपाल सोनी,सुनील पाटोदिया, रिपु दमन गुप्ता, जेडी आर्यन,भगवान सहाय, दौलत, सोनू गोपालिया,राजेश सैनी, सुभाष बसवाल,धर्मराज मीणा, हरकेश मीणा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने की तीन घण्टें जनसुनवाई



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने मंगलवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर करीब तीन घंटे जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों ने नेता प्रतिपक्ष को अपनी समस्याएं बताईं। जूली ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राज में जनहित के मुद्दों और उनकी समस्याओं को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली,पानी, सड़क, राशन, नरेगा में रोजगार और आवास पर सरकार और उनके अधिकारियों का ध्यान ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के राज में अधिकारी बंद कमरों में बैठकर जनहित के मुद्दों को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं जबकि आमजन संबंधित विभाग के चक्कर लगाकर थक गया है। उन्होंने कहा कि अलवर सहित पूरे राजस्थान के हालात खराब हो गए हैं। जूली बोले अघोषित बिजली कटौती और पानी की समस्या ने तो लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है।

## अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर अभिनव सिद्धचक्र महामंडल विधान का किया हवन के साथ विसर्जन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर के मुंशी बाजार में परम पूज्य अभीक्षण ज्ञानोपयोगी राष्ट्र हितैषी संत आचार्य 108 श्री वसुनंदी जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य णमोकार उपासक उपाध्याय 108 श्री विज्ञानंद (जिनानन्द) जी एवं मुनि श्री पुण्यानंद जी और मुनि श्री धैर्यनंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में अभिनव सिद्धचक्र विधान चल रहा है। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन मंगलवार को किया गया। उपाध्याय मुनि श्री विज्ञानंद महाराज जी ने बताया कि किसी न किसी भव में साक्षात भगवान के समवशरण में जाने का और बैठने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो समय के कदम से कदम मिलाकर चलता है वह समयसार को उपलब्ध हो जाता है। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि विधान में श्री शिखर चन्द जैन श्रीमती इन्द्रा देवी जैन (सौधर्म इन्द्र) श्री राजेन्द्र प्रसाद जैन श्रीमती निशा जैन (धनपति कुबेर) श्री विमल चन्द जैन श्रीमती मधु जैन, बरवाडा वाले (यज्ञनायक) श्री अरविन्द जैन श्रीमती रेणू जैन (सानत्कुमार) श्री सुनील जैन शाह श्रीमती रेणू जैन, हरसाना (ब्रह्म-ब्रोह्योत्तर) श्री पारस कुमार जैन श्रीमती बीना जैन (ऐशान इंद) श्री राकेश जैन श्रीमती लता जैन (माहेन्द्र) श्री सुरेश चंद जैन श्रीमती मंजु जैन (लान्टव कपिष्ट) श्री प्रीतम चन्द जैन श्रीमती शीला जैन(ब्रहमेइंद्र) मुख्य पात्र की भूमिका में रहे। और कार्यक्रम समापन पर विधानाचार्य आलोक शास्त्री जी बड़ा मल्हारा और संगीतकार प्रीती जैन जबलपुर को सम्मानित किया गया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 छात्राओं को स्कूटी वितरित

### स्कूटी की चाबी मिलने पर बेटियों के खिले चेहरे

### केंद्र व राज्य सरकार बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध, शहर में डेढ साल में खुले दो कन्या महाविद्यालय व बालिका सैनिक स्कूल की भी मिली सौगात : वन राज्यमंत्री संजय शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी सौंपी। वन राज्यमंत्री शर्मा ने प्रतिभावान बेटियों को स्कूटी मिलने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिक्करण एवं बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूटी बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बेटियों की भागीदारी से अर्जित किया जा सकेगा। श्रीमती वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिये प्रारम्भ की गई स्कूटी वितरण योजना से हजारों बेटियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिल रहा है।

### बालिका शिक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध, डेढ वर्ष में शहर में दो कन्या महाविद्यालय

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में बालिका शिक्षा महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के डेढ साल के कार्यकाल के दौरान ही अलवर शहर में दो नए कन्या महाविद्यालय खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि गौरी देवी महाविद्यालय में बढ रही छात्राओं की संख्या के मद्देनजर शहर में एक नवीन कन्या महाविद्यालय की बजट में घोषणा की गई है, जिसका संचालन वर्तमान में एसएमडी स्कूल में शुरू हो गया है तथा इसके लिए विज्ञान नगर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। यथाशीघ्र यहां पर महाविद्यालय का भवन तैयार होगा।

### पर्यावरण संरक्षण पर दिया बल

मंत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में शिक्षित बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने पर्यावरण को हुए नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी भरपाई हम सबको प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड मां के नाम व मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान से प्रेरित होकर पौधे लगाने हैं बल्कि उनकी सार-संभाल भी करनी है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, सुरेश मेहता, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, जितेन्द्र सैनी, मीना सैनी, शशि तिवाडी, सोनू चौधरी, राजेन्द्र कसाणा, डॉ. अशोक आर्य, डॉ. गोपीचंद पालीवाल, डॉ. के.एल मीणा, डॉ. मंजू आसोपा सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### गौरी देवी महाविद्यालय में ऑडिटोरियम बनवाने की कि घोषणा

**गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य की ऑडिटोरियम बनवाने की मांग पर वन मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में एक अच्छा ऑडिटोरियम आगामी दो वर्ष में बनवाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में अन्य संसाधन उपलब्ध कराने में भी पूर्ण सहयोग किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं घनश्याम गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गौरी देवी महाविद्यालय का विशिष्ट स्थान रहा है इस विद्यालय में अध्ययन कर अलवर ही नहीं अन्य जिलों की बेटियों ने अपने सपने पूरे कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार नित नए नवाचारों के माध्यम से महिला सशक्तिक्करण को बल प्रदान करते हुए बेटियों को आगे बढाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू यादव ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रो. पी.पी वर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया।**

## भिवाड़ी में दिनदहाड़े फायरिंग, बदमाशों ने बरपाया कहर



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** भिवाड़ी में टोल टैक्स पर ओवरटेक की मामूली कहासुनी ने मंगलवार दोपहर खौफनाक रूप ले लिया, स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने पीड़ित का पीछा करते हुए उसके सर्विस स्टेशन पर धावा बोल दिया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक चली गोलियों से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई, वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भिवाड़ी थानाधिकारी देवेंद्र प्रसाद शर्मा सहित क्विक एक्शन टीम के जवान मौके पर पहुंचे, इलाका थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है, गोली चलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, सवाल उठ रहा है कि अपराधी इतने बेखौफ कैसे हो गए?

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत इस्माइलपुर में लगा शिविर

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संतोष को मिली पक्के घर की स्वीकृति




बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में जनकल्याणकारी नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुँचाने के उद्देश्य से 24 जून 2025 से 09 जुलाई 2025 तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पंचायत समिति किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत इस्माइलपुर में आयोजित शिविर में अनेक पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। इस शिविर की लाभार्थी संतोष पत्नी माता दीन, जाति जाटव, निवासी इस्माइलपुर ने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से कच्चे घर में रह रहा था। वर्षा के मौसम में टपकती छत, आंधी में छत के गिरने, सफाई संबंधित समस्याओं से उन्हें सामना करना पड़ता था। आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने के कारण वे स्वयं पक्का मकान बनवाने में असमर्थ थीं। शिविर के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार रुपये) योजना रकम मय नरेगा कि आर्थिक सहायता स्वीकृत हुई। इस सहायता से अब वे अपने परिवार के लिए पक्का मकान बनवा सकेंगी। भावुक होते हुए संतोष ने कहा कि अब मुझे बरसात और आंधी से डर नहीं लगेगा। मेरे बच्चों को भी सुरक्षित घर मिलेगा। यह हमारे जीवन की सबसे बड़ी खुशी है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी को दिल से धन्यवाद देती हूं। शिविर प्रभारी नरेंद्र कुमार भाटिया ने बताया कि ग्राम पंचायत इस्माइलपुर में आयोजित शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्रामीण बालिकाओं का जन्म दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जन्मदिन के इस खास मौके पर नन्हीं बालिकाओं ने केक काटा, जिससे पूरे माहौल में उल्लास और उत्साह की भावना भर गई।

## जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से ली पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की प्रगति की समीक्षा बैठक

### शिविरों में को आमजन को योजनाओं से लाभांवित कराने एवं लंबित राजस्व प्रकरणों के मौके पर ही निस्तारण करने के दिये निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखंड अधिकारियों की बैठक लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में प्रगति, संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई प्रकरणों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में प्रगति की उपखंडवार विस्तृत समीक्षा कर उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व संबंधी लंबित लम्बित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, कुर्रेजात प्रकरण, नामांतरण, जमाबंदी अपडेशन, आपसी सहमति से विभाजन सहित रास्तों के लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण करावे। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन को महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं एवं जरूरी सुविधाओं के माध्यम से लाभान्वित करवाया गया है, पखवाड़े के शेष दिनों में निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) 2022 के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों का निस्तारण एवं एनएफएसए 2025 के तहत आवेदनों को अप्रूवल स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार गिव अप अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर ब्लॉकवार निर्धारित लक्ष्यानुसार अधिकाधिक सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना में से नाम हटवाने को प्रेरित करें, ताकि जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा कर निर्देश दिये कि अधिकारी सम्पर्क पोर्टल का नियमित अवलोकन करें तथा प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइमलाइन में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई मॉनिटरिंग सिस्टम व अन्य जनसुनवाई से प्राप्त परिवेदनाओं का भी गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण किया जावे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, उपखण्ड अधिकारी यशार्थ शेखर, जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा, तहसीलदार अलवर रश्मि शर्मा सहित वीसी से समस्त उपखण्ड अधिकारी, बीडीओ एवं तहसीलदार जुड़े।

## जल जीवन मिशन के समस्त लंबित कार्य शीघ्र से शीघ्र करें पूर्ण : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त ग्रामीण एवं शहरी जल परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, हैण्डपम्पों की मरम्मत, एफएचटीसी कनेक्शनों की प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर पीएचईडी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की गई। जब अधिकारियों ने जिले में विभिन्न स्तरों पर जारी कार्यों के बारे में अवगत कराया तो हसीजा ने कहा कि जल के क्षेत्र में राजसमंद का भविष्य उज्ज्वल है, जरूरत है कि सरकार की मंशा अनुसार सभी पेंडिंग कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो। इसके लिए अधिकारी नियमित रूप से ग्राउंड पर मॉनिटरिंग कर सुनिश्चित करें कि काम क्वालिटी के साथ निश्चित टाइम लाइन में हो। अनावश्यक रूप से एक्सटेंशन नहीं दिया जाए और कॉन्ट्रेक्टर्स को समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु पाबंद किया जाए। बैठक में बाघेरी का नाका बांध आधारित प्रोजेक्ट, भीम-देवगढ़-चम्बल आधारित परियोजना, जाखम बांध आधारित परियोजना, वृहद परियोजनाओं के अलावा अन्य परियोजनाओं, डीएमएफटी के कार्यों सहित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई। एसई रामावतार सैनी ने बताया कि जिले में 15 अगस्त 2019 को हर घर नल से जल का कवरेज 29.70 प्रतिशत था जो 30 जून 2025 तक बढ़ कर 65.54 प्रतिशत हो गया है। इसमें सर्वाधिक कवरेज देलवाड़ा में 91.91 प्रतिशत है। वहीं जिलेभर में देखें तो 300 गांवों को शत प्रतिशत 'हर घर नल से जल' से जोड़ा जा चुका है। इस पर जिला कलक्टर ने शेष ग्रामीण घरों में भी जल्द से जल्द लंबित कार्य पूर्ण करते हुए नल से जल का लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर घरों में नल से जल की प्रगति, वर्क ऑर्डर के बाद हुए कनेक्शनों का विवरण, हर घर जल योजना के तहत जिले के ब्लॉकवार कवरेज, स्कूल, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवन, पीएचसी एवं अन्य संस्थानों में कवरेज की समीक्षा की गई।

## स्वामित्व योजना में मिला प्रॉपर्टी पार्सल, गोपाल के जीवन में अब स्थायित्व की आशा




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राज्य सरकार द्वारा गांव-गांव पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025' संचालित किया जा रहा है।ढेरडो का गुड़ा गांव, ग्राम पंचायत बीकावास निवासी श्री गोपाल सिंह सोलंकी एक मेहनतकश मजदूर हैं। अत्यंत साधनहीन परिवार से आने वाले श्री गोपाल सिंह के लिए वर्षों से अपने पुश्तैनी आवास का अधिकार पत्र (पट्टा) प्राप्त करना एक सपना बना हुआ था।पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर के दौरान बीकावास ग्राम पंचायत में ग्रामीण उमड़ पड़े। शिविर के दौरान स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी पार्सल वितरण का भी आयोजन किया गया। इसी के अंतर्गत श्री गोपाल सिंह भी इस आस में पहुंचे कि वर्षों से अटका हुआ पट्टे का काम आज पूरा हो जाएगा, और हुआ भी वही। गोपाल सिंह का मकान चिन्हित कर उन्हें विधिवत पट्टा जारी किया गया।शिविर में पट्टा प्राप्त करते समय गोपाल सिंह की आंखों में संतोष और खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि यह पट्टा सिर्फ एक कागज नहीं, बल्कि उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अब उन्हें अपने घर को लेकर कोई डर नहीं है और वे आत्मसम्मान के साथ अपने परिवार का जीवन संवार सकेंगे। गोपाल सिंह सोलंकी ने इस मदद के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का हृदय से आभार जताते हुए कहा, जब कोई नहीं सुन रहा था, तब सरकार ने हमारी पीड़ा समझी। ये शिविर नहीं, हम गरीबों के लिए आशा की नई किरण है। राज्य सरकार द्वारा संचालित इस जन कल्याणकारी अभियान ने एक और परिवार को स्थायित्व और सुरक्षा का अहसास कराया है।

# वाणी की मधुरता से दुश्मन भी दोस्त बन जाता है : प्रज्ञान सागर महाराज



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** बस स्टेण्ड जिनालय में वर्षा योग के दौरान आयोजित धर्म सभा में जैन मुनि प्रज्ञान सागर महाराज ने बताया कि वाणी की मधुरता से दुश्मन भी दोस्त बन जाता है। वाणी एक अमृत' का कार्य करती है। मधुर भाषा ही उपयोग में करना चाहिए ।अनुचित भाषा का प्रयोग नही करना चाहिए। जैन संत की साधना का कोई तराजू नहीं है। दिगंबर संत 24 घंटे में 3 घंटे' रात्रि विश्राम करते हैं। प्रात: काल से ही मुनि शांति धारा धर्म प्रवचन प्रतिक्रमण स्वाध्याय भक्तों को पढाना आदि कार्य में व्यस्त रहते हैं।सांय काल प्रश्न मंच शास्त्र सभा महा आरती धर्म की साधना का प्रतिक्रमण साधु ईश्वरकी साधना में रहते हैं। उसी के प्रभाव से उनकी वाणी का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। 'मुनि ने यह भी बताया विभीषण रावण के पास रहता था। उसकी सोच को नहीं बदल पाया। नहीं बदलने पर' परिणाम खराब निकले जैसी सोच वैसी ही बुद्धि होती है। जैन मुनि प्रसिद्ध सागर महाराज ने धर्म सभा को बताया कि मनुष्य व्यापार करके बहुत पैसा इकट्ठा कर लेता है। लेकिन उसका पैसा अच्छे कार्यों में नहीं लगाता । सत्कर्म से कमाया पैसा ही धर्म कार्य में लगता है। धर्म का कमाए पैसा धर्म कार्य में लगता ।अधर्म से कमाया पैसा कभी धर्म कार्य में नहीं लगता। योग्य पुत्र होने पर उसे धन की आवश्यकता ही नहीं होती। कपूत पुत्र को कितने धन संपदा दे दी जावे बिना ज्ञान के सारी संपदा को वह नष्ट कर देता है। विवेकवान ज्ञानवान पुत्रो को संस्कारों की जरूरत रहती है। अच्छे संस्कारी होना धन प्राप्ति खजाना है।

### नाटक मंचन में दिखाया मैना सुंदरी की नाटिका

**शांति वीर धर्मस्थल पर कलाकारो द्वारा मैना सुंदरी नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया कि राजा की बेटी ने कहा कि तुम किसके भाग्य का खाती हो इस पर बेटी ने बताया कि वह अपने भाग्य का खाती है। राजा ने आक्रोश में आकर एक खोढ़ी रोग से ग्रसित युवक उसकी शादी करवा दी। राजा की बेटी ने सिद्ध चक्र मंडल का विधान कर उसका जल छिड़कने कर साधना की गई तो खोढ़ी युवक का**

# बेटी के भागने से परेशान पिता ने किया सुसाइड : परिचित के घर फंदा लगाया, भतीजा बोला-बेटी के ससुराल के लोग दे रहे थे धमकियां

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/ कोटा (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी के कुंभकोट गांव में एक व्यक्ति ने अपने परिचित के घर सुसाइड कर लिया। परिजनों का कहना है कि बेटी के एक युवक के साथ चले जाने के कारण वह परेशान था। सुबह जब उसे फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को सुकेत अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया और पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। द्वारका कॉलोनी निवासी मृतक बालमुकुंद एयरवाल (55) के भतीजे आकाश एयरवाल ने बताया-उसके चाचा बीती रात कुंभकोट में रहने वाले एक परिचित के घर गए थे। घर के लोग सो चुके थे, तभी उन्होंने वहां फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह जब परिचित की नजर पड़ी तो तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। आकाश ने बताया-बालमुकुंद पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। उनकी बेटी की शादी छह साल पहले बबलू एयरवाल से हुई थी, लेकिन



पति-पत्नी के बीच विवाद के चलते वह 25 मई को पीहर आ गई थी। इसके बाद 13 जून को वह एक युवक के साथ चली गई। इस घटना के बाद बालमुकुंद ने 14 जून को थाने में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

### ससुराल पक्ष से मिल रही थीं धमकियां

आकाश ने बताया- बेटी के लापता होने के बाद से ही उसके ससुराल पक्ष की ओर से लगातार धमकियां मिल रही थीं। उन पर सात लाख रुपए की मांग का दबाव बनाया जा रहा था। इस पूरे घटनाक्रम ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया था। वो दिन-रात अवसाद में डूबे रहते थे, खुद से बात करना बंद कर चुके थे और किसी से भी खुलकर मन की बात नहीं कहते थे। पुलिस कर रही जांच, हर एंगल से हो रही पड़ताल थानाधिकारी छोटूलाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि धमकियों और पैसों की मांग के पीछे कौन-कौन शामिल था। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, वहीं बेटी के ससुराल पक्ष से भी पूछताछ की तैयारी है।

## ओम कोठारी इंस्टीट्यूट की पहल: नई तकनीकी शिक्षा और नि:शुल्क करियर मार्गदर्शन से छात्रों का भविष्य होगा सशक्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** तीन दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे ओम कोठारी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ने युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक अभूतपूर्व पहल की है।संस्थान के निदेशक डॉ. अमित सिंह राठौड़ और ओम कोठारी फाउंडेशन की ट्रस्टी सीमा कोठारी ने बताया कि संस्थान की इस नवाचार पहल के तहत चार अत्याधुनिक सर्टिफिकेट टेक्नोलॉजी कोर्स लॉन्च किए गए हैं, जो 21वीं सदी की डिजिटल आवश्यकताओं के अनुकूल तैयार किए गए हैं।

इसके साथ ही 13 जुलाई को एक विशाल नि:शुल्क करियर काउंसलिंग मीट का आयोजन किया जा रहा है।

### समग्र विकास की नई अवधारणा

निदेशक डॉ. अमित सिंह राठौड़ ने बताया कि कोटा जैसे प्रतिस्पर्धी शहर में, जहाँ छात्र अत्यधिक मानसिक दबाव झेलते हैं, ओम कोठारी संस्थान ने शिक्षा की परिभाषा को व्यापक बनाया है। केवल डिग्री तक सीमित न रहकर, संस्थान ने योग और ध्यान को छात्रों की दैनिक दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल किया है। यह अनूठी पहल छात्रों में मानसिक स्पष्टता, शारीरिक सक्रियता और भावनात्मक स्थिरता विकसित करने पर केंद्रित है। इससे छात्र आत्मविश्वास के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनेंगे। ओम कोठारी फाउंडेशन की ट्रस्टी सीमा कोठारी ने कहा कि आगामी रविवार 13 जुलाई को कोटा में आयोजित होने वाली यह करियर काउंसलिंग मीट हाड़ौती क्षेत्र के शिक्षा इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी। इस नि:शुल्क कार्यक्रम में 12वीं पास और स्नातक छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। प्रत्येक विद्यार्थी का व्यापक पर्सनैलिटी असेसमेंट किया जाएगा और विशेषज्ञों द्वारा प्रोफेशनल करियर गाइडेंस प्रदान किया जाएगा। यह मीट कोटा, हाड़ौती क्षेत्र (बूंदी, बारां, झालावाड़) सहित संपूर्ण राजस्थान के युवाओं के लिए खुली रहेगी। डिजिटल युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने चार विशिष्ट सर्टिफिकेट टेक्नोलॉजी कोर्स तैयार किए हैं- डेटा विश्लेषण टूलकिट यह कोर्स छात्रों को बिग डेटा को पढ़ने, समझने और व्यावसायिक निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा।

## एक दर्जन से अधिक कॉलोनियां का मार्ग होगा सुगम

# महिलाओ की फरियाद सुन बिरला ने तत्काल कार्रवाई के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** मंगलवार को रायपुरा क्षेत्र की कॉलोनियों की महिलाएं बड़ी संख्या में एकत्र होकर लोकसभा अध्यक्ष बिरला के केम्प कार्यालय पँहुची और उन्हें अपनी परेशानी से अवगत करवाया। रायपुरा स्थित शुभ सवेरा कॉलोनी के मुख्य द्वार के सामने का मार्ग जो हरि आवास कॉलोनी, गणेश विहार, शिवम एनक्लेव, लक्ष्मी विहार, टैगोर नगर जैसी दर्जनों कॉलोनियों को जोड़ता है लगभग 1 दर्जन से अधिक कालोनिया यहाँ करीब दो फीट तक के जमे हुए पानी मे से निकलने को मजबूर है। महिलाओं का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता इन्द्रमल जैन, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश संयोजक इरशाद अली,मंडल प्रभारी बद्री आर्य ने महिलाओं की मांग को जायज बताते हुए क्षेत्र में बहुत बड़ी समस्या और दुर्घटनाओं की आशंका से भी लोकसभा अध्यक्ष को अवगत कराया।

### बिरला ने तत्काल मौके पर भेजें केडीए अभियंता

इस पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने आम जन की पीड़ा को गम्भीरता से लेते हुए केडीए अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण कर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। इस पर केडीए के कनिष्ठ अभियंता ने मौके पर जाकर स्थिति को देखा और बताया कि आगामी 3 दिन में इस मार्ग पर डब्लूबीएम गिट्टी के कुछ डंपर पर डाले जाएंगे, जिससे अस्थायी रूप से जलभराव की



समस्या से राहत मिल सकेगी और लोगों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। साथ ही आने वाले समय में यहां पर सीसी रोड़ निर्माण एवं पानी के निकास की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव बनाया जाएगा। स्थानीय निवासी एवं जनप्रतिनिधियों ने इस त्वरित कार्यवाही के लिए लोकसभा अध्यक्ष बिरला का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री हरेंद्र सिंह भदौरिया, श्री ललित महावर, रानी मीणा, तस्लीम, संजू गुर्जर,मीना श्रृंगी सोभा बाई, वैशाली बाई, निशा,चंद्र कला आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा के मंदिर में नव प्रवेश हुए बालको का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** उपखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुवांसड़ा में मंगलवार को प्रवेशोत्सव 2025-26 कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रवेशोत्सव के दौरान कक्षा एक से पांच तक प्रवेश लेने वाले सभी बालक-बालिकाओं का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। सभी नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं को विद्यालय की ओर से बैग, कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, ड्रॉइंग व कलर उपहार स्वरूप नि:शुल्क प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संस्था प्रधान दिनेश नामा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, शिक्षक हनुमान नागर, जगदीश प्रसाद गुर्जर, ग्रामवासी रामदेव मीणा, मुकेश मीणा, संतोष बाई गुर्जर आदि ने भाग लिया।

## सोनोग्राफी की नही मिल रही सुविधा, मरीजो जाना पड़ रहा है लाखेरी कापरेन

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** उपखंड क्षेत्र के देईखेड़ा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोनोग्राफी की मशीन बन्द होने से मरीजो को सुविधा नही मिल पा रही है देईखेड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश व्यास ने बताया कि अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा नही मिलने से मरीजो को 20 किलोमीटर दूर लाखेरी या कापरेन जाना पड़ रहा है जिसके चलते अस्पताल से जुड़े क्षेत्र एक दर्जन से अधिक गांवों के मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब साल भर पहले यंहा सोनोग्राफी की सुविधा शुरू की गई थी परन्तु उस समय मशीन को ऑपरेटिंग के लिये सोनोलॉजिस्ट के नही होने से सुविधा शुरू नही हो पाई बाद में कापरेन अस्पताल से चिकित्सक मंजू को सप्ताह में एक दिन के लिये नियुक्त किया गया। लेकिन वह भी लम्बे समय तक मेडिकल अवकाश पर रहने से अपनी सेवाएं नही दे पाई। जब सोनोलॉजिस्ट ने यंहा आकर सेवा शुरू की तो तकनीकी खराबी के चलते मशीन काम नही कर पा रही।अब मशीन को ठीक करने के लिये जयपुर से तकनीकी कर्मचारी आने पर ही मशीन से सोनोग्राफी हो पायेगी। जिसके चलते ग्रामीण को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। जबकि यंहा महीने करीब एक दर्जन प्रसूति होती है ।

### इनका कहना

अस्पताल में सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति के बाद से मशीन में तकनीकी खराबी के कारण सेवा शुरू नही हो पाई है। इस बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया है मशीन ठीक होते ही सेवा शुरू कर दी जाएगी।

# जिले में शुरू हुआ तीन दिवसीय ई-वेस्ट संग्रहण अभियान शुरू

### खराब और अवधिपार इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा करवाने पर निर्धारित राशि का प्रावधान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को जिले में ई-कचरा संग्रहण अभियान का शुभारंभ किया गया। संभागीय आयुक्त श्री राजेन्द्र सिंह शेखावत एवं जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया ने कलेक्ट्रेट से ई-वेस्ट संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर अति. जिला कलक्टर (शहर) अनिल कुमार सिंघल एवं क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण मंडल योग्यता सिंह भी उपस्थित थी। तीन दिवसीय यह अभियान शहर में 10 जुलाई तक चलाया जाएगा। इस दौरान अधिकृत रीसाइक्लर द्वारा प्लॉट नं. एफ.-125, मधुश्री चाय की फैक्ट्री के सामने, रोड़ नं.-5 इंद्रप्रस्थ इंडस्ट्रीयल एरिया में ई-वेस्ट संग्रहण केन्द्र स्थापित किया गया है, जहां नागरिक अपने खराब व अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा कर सकेंगे। संग्रहित ई-वेस्ट का निस्तारण पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप किया जाएगा। साथ ही, रीसाइक्लर द्वारा निर्धारित दर के अनुसार भुगतान कर ई-वेस्ट



संग्रहण किया जाएगा, जिससे नागरिकों को अपने खराब व अनुपयोगी उपकरणों का उचित मूल्य भी प्राप्त हो सकेगा। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस अभियान में भाग लेकर ई-कचरे के सुरक्षित निस्तारण एवं पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करें। इस संबंध में किसी भी जानकारी के लिए ई-वेस्ट रीसाइक्लर प्रतिनिधि से मो. नं. 8058521718, 8890621066 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## कोटा सीए ब्रांच की ओर से कमर्शियल लॉ एंड इंटरनेशनल टैक्सेशन पर सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( दामोदर सिंह )।** कोटा सीए ब्रांच की ओर से मनाए जा रहे सीए वीक-2025 का मंगलवार को स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित एक निजी होटल में कमर्शियल लॉ एंड इंटरनेशनल टैक्सेशन पर फुल डे सेमिनार के साथ समापन हुआ। कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने बताया कि सेमिनार के स्पीकर जयपुर से पधारे सीए नमन श्रीमाल व भोपाल से पधारे सीए अभय छाजेड़ थे। सीए नमन श्रीमाल ने सीए सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि कमर्शियल लॉस, इंटरनेशनल अकाउंटिंग व टैक्सेशन में आगे बढने् में बहुत सुनहरा अवसर है। किस तरह नेटवर्किंग के द्वारा इंटरनेशनल टैक्सस में प्रेक्टिस को आगे बढ़ाया जा सकता है इस संबंध में सीए सदस्यों को अवगत कराया। स्पीकर एवं सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए अभय छाजेड़ ने कहा कि ट्रेडिशनल प्रेक्टिस इनकम टैक्स एवं जीएसटी के अलावा भी सीए सदस्यों के लिए कई सारे अवसर मौजूद है जिसमें प्रैक्टिस की जा सकती है। इंटरनेशनल अकाउंटिंग एवं टैक्सेशन, आउटसोर्सिंग आदि में सीए सदस्यों के लिए बहुत अवसर उपलब्ध है। आईसीएआई द्वारा समय-समय पर इंटरनेशनल टैक्सेशन एवं अकाउंटिंग से संबंधित वेबिनार आयोजित किए जाते हैं जिनके द्वारा सीए सदस्य लाभान्वित होकर कई देशों में अपनी प्रेक्टिस कर सकते हैं। सेमिनार के अंत में सीए वीक-2025 समापन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें चेयरमैन सीए दीपक सिंघल द्वारा सीए वीक-2025 कार्यक्रम समन्वयक सीए धर्मचंद मित्तल, सीए शशांक गर्ग, सीए प्रकाश चौधरी व सीए रोहित पाटौदी के साथ सभी इवेंट्स के कोऑर्डिनेटर का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। कोषाध्यक्ष सीए अंकित गुप्ता एवं सीकासा कमेटी के चेयरमैन सीए सुधांशु उपाध्याय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।

## फोटोग्राफी वर्कशॉप में दी नई तकनीकी की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान नैनवां के की ओर से नई तकनीक के बारे में जानकारी के लिए संभाग के फोटोग्राफर साथियों की लिए फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन एक नीजी रिर्सोट में किया गया। फोटोग्राफी वर्कशॉप में जयपुर, दिल्ली से तकनीकी विशेषज्ञ आए और उन्होंने नई तकनीक के बारे में फोटोग्राफर साथियों को जानकारी उपलब्ध कराई। संभाग के वरिष्ठ फोटोग्राफर साथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस तरह का आयोजन संभाग में पहली बार हुआ है। ऐसी जानकारी के लिए फोटोग्राफरो को बाहर जाना पड़ता था। मंगलवार को फोटोग्राफी से जुड़ी नई तकनिकी की सारी जानकारी नैनवां में आयोजित फोटोग्राफी वर्कशॉप में दी गई। प्रोग्राम के मुख्य अतिथि एसडीएम प्रीति मीणा व विशिष्ट अतिथि के तौर पर आबिद अली पूर्व वाइस चेयरमैन नैनवां रहे। प्रतिभावान फोटोग्राफर साथियों का भी सम्मान किया गया। जिन्होंने संस्था को सहयोग किया उनका भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। स्थानीय अध्यक्ष अब्दुल वाशिद ने आए हुए सभी छायाकारों का स्वागत किया। संगठन अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने सभी आए हुए फोटोग्राफर साथियों का आभार प्रकट किया।

# सड़क हादसे ने छीनी परिवार की खुशिया, दंपति की मौत के बाद गांव में छाया मातम

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नैनवां थाना क्षेत्र के रजलावता में तीन मासूम बच्चो के माता-पिता सड़क हादसे मौत हो गई। सड़क हादसे में मौत की जानकारी होने पर रजलावता गांव में मातम छाया हुआ है। मासूम बच्चो का हाल बेहाल है। परिजनो के आंसू थम नहीं पा रहे है। दंपति का एक साथ हुआ दाहसंस्कार को देखकर हर किसी की ऑखे नम हो गई। हृदय विदारक इस हादसे से मासूमो के लालन पालन का संकट पैदा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रजलावता गांव निवासी दिनेश वर्मा (33) अपनी पत्नी गीता वर्मा (31) को तबीयत खराब होने पर कोटा के एक चिकित्सक को दिखाने बाइक से गया हुआ था। कोटा से अपने गांव लौटते समय रास्ते में कुम्हराला बालाजी के पास उनकी बाइक को कार ने जोरदार टक्कर मार देने से टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक दूर तक घिसटती चली गई। दिनेश वर्मा की मौत बून्दी चिकित्सालय में होने से दबलाना पुलिस टीम द्वारा पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया। वहीं पत्नि की मौत कोटा चिकित्सालय में होने से वहां पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनो को सुर्पद किया गया।

### नैनवां में मोची की दूकान लगाता था मृतक

रजलावता पंचायत में हृदय विदारक हादसे में दंपती की मौत की जानकारी होने पर पंचायत के सरपंच रामस्वरूप बिल्डर कोटा पहुँचे। उन्होने परिवारजनो को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद दिलवाने का भरोसा दिलवाया गया। सरपंच में ने बताया कि परिवार गरीब स्थिति में है। मृतक दिनेश वर्मा नैनवां में सब्जी मण्डी के पास मोची की दूकान लगाता था। मृतक के तीन छोटे -छोटे बच्चे है। एक पुत्री व दो पुत्र है।





## भरतपुर जिला प्रमुख का पद 18 महीने से रिक्त शीघ्र चुनाव कराने की मांग

बढ़ता राजस्थान

वैर/ भरतपुर ( गोपाल पाठक)। पिछले 18 महीने से रिक्त पडे भरतपुर जिला प्रमुख पद का चुनाव शीघ्र कराने की मांग गाँव जटवलाई निवासी एवं राजस्थान किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेन्द्र चौधरी ने की है व सवाल उठाया है कि भरतपुर जिला प्रमुख का चुनाव सरकार क्यों नही कराना चाहती ? ये जनता जानना चाहती है। मुख्यमंत्री के ग्रह जिले भरतपुर में पिछले 18 महीने सें जिला प्रमुख का पद रिक्त है। जबकि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत नियमानुसार इस्तीफा देने के बाद 6 महीने में चुनाव हो जाना चाहिए। जिला प्रमुख व वार्ड न. 8 के सदस्य के पद के लिए दो बार चुनाव तिथियां घोषित होने के बाद भी डबल इंजन की सरकार चुनाव टालती ही जा रही है। चौधरी ने आगे कहा कि भरतपुर जिला परिषद सभा की साधारण बैठक नियमित नही हो रही है। जबकि प्रत्येक 3 महीने में यह बैठक होनी चाहिए। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि भरतपुर जिला प्रमुख का चुनाव अतिशीघ्र कराएं ये जनता की माँग है।

## ट्रक से डीजल और टायर चोरी करने का आरोपी गिरफ्तारः टॉप-10 अपराधियों में शामिल आरोपी को मनियां पुलिस ने दबोचा

बढ़ता राजस्थान




बाड़ी (राजू शर्मा)। धौलपुर की मनियां पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मालवाहक ट्रक से डीजल और टायर चोरी के मामले में वांछित टॉप-10 अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण और वृत्ताधिकारी राजेश कुमार शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी रामनरेश मीणा के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए आरोपी की पहचान अजीत (29) पुत्र राजेन्द्रसिंह, निवासी जलालपुर थाना मनियां तौर पर हुई है। आरोपी ने 12 अप्रैल 2025 की रात को वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामला नंबर 140/2025 धारा 303(2), 317 बीएनएस 2023 के तहत दर्ज किया है। चोरी हुए माल की बरामदगी के लिए आरोपी से पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी रामनरेश मीना, हैड कॉन्स्टेबल हरिओम, कॉन्स्टेबल वीरसिंह और कॉन्स्टेबल विजय सिंह की टीम शामिल थी।

## जलदाय विभाग कार्यालय परिसर से चोर चुरा ले गए 15 लाख के पाइप और जेसीबी बेकर

### शहरी पुनर्गठित पेयजल योजना के काम के लिए रखी थी कंपनी की जेसीबी और पाइप,कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने कोतवाली थाने में कराया मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर में भूमिगत पेयजल पाइप लाइन योजना के तहत शहरी पुनर्गठित पेयजल योजना में काम कर रही कंपनी का सामान जलदाय विभाग परिसर से चोरी होने का मामला सामने आया है। करीब 15 लाख रुपए के सामान को चोर चुरा कर ले गए है। ऐसे में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। देव कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्याम चौधरी ने बताया कि जलदाय विभाग परिसर में सड़को पर डाले जाने वाले डीआई पाइप और जेसीबी मशीन रखी हुई थी। चोरों ने 42 डीआई पाइप 250 एमएम और जेसीबी मशीन का ब्रेकर चोरी किया है। चोरी की सूचना मिलने पर उन्होंने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। सारा सामान करीब 15 लाख रुपए की कीमत का है। कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर श्याम चौधरी का आरोप है कि जब से काम शुरू हुआ है लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं। जिसको लेकर वे पूर्व में भी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर चुके हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उक्त घटना को लेकर भी उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दी है। वहीं दूसरी ओर कोतवाली पुलिस के टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।



## मनुष्य यदि समर्पण भाव से याद करें तो भगवान किसी ना किसी रूप में आकर भक्तों की लाज बचाते हैं -स्वामी अमन भारती महाराज



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर।** कस्बे के धार्मिक आस्था के केंद्र अवधूत आश्रम में चल रही नानी बाई का मायरा कथा के तीसरे दिन महंत स्वामी अमन भारती जी महाराज ने नरसी जी की बेटी को ससुराल के द्वारा दी गई अनेक यातनाओं का प्रसंग सुनाया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि नरसी जी व उनकी बेटी का ठाकुर जी के प्रति अथाह विश्वास था जिसके कारण ठाकुर जी ने नरसी जी तथा उनकी बेटी नानी बाई का मान बढ़ाया। नानी बाई मायरा युगों-युगों तक याद रखना जाएगा। उन्होंने कथा में कहा कि यदि मनुष्य अपने समर्पण भाव से भगवान को याद करता है तो भगवान किसी ना किसी रूप में आकर अपने भक्तों की लाज को जरूर बचाते हैं। नरसी जी की तरह अनेक भक्तों ने अपनी भक्ति से ठाकुर जी को प्रसन्न कर अनेक कार्य सिद्ध कराएं है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान सिर्फ भाव के भुखे है। उन्हें किसी भी तरह का दिखावा या आडंबर नहीं चाहिए। जो अनन्य भाव से ठाकुर जी को स्मरण कर पुकारता है उसके कार्य ठाकुर जी स्वयं करते हैं इसकी प्रतिज्ञा ठाकुर जी ने स्वयं ने ले रखी है। इस दौरान प्रेमनाथ धामानी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, राजेश शर्मा ठेकेदार, गौ सेवक अजय शर्मा, संजय राजस्थानी, बद्री प्रसाद शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, विनोद अग्रवाल, रमाकांत शर्मा, उज्जैन से पधारे आचार्य कपिल, आचार्य ओम प्रकाश, रामभगत, विनोद अग्रवाल( दिल्ली) गोविंद भटेजा (जयपुर), विनोद शर्मा (फाजील्का) सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सौंपी विज्ञान केंद्र की सौगात

# छात्रों की सोच को मिलेगा पंख, विज्ञान केंद्र देगा धौलपुर की वैज्ञानिक चेतना को नया आगाज-केंद्रीय मंत्री

### वैज्ञानिक चेतना को मिली नई दिशा, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया विज्ञान केंद्र का उद्घाटन, विज्ञान केंद्र विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना जागृत करने में सहायक सिद्ध होगा-डॉ. जितेंद्र सिंह

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर,(नि.स.)।** धौलपुर की ऐतिहासिक और प्राकृतिक विविधताओं से समृद्ध धरती पर विज्ञान और नवाचार की एक नई दिशा जुड़ी। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. जितेंद्र सिंह मंगलवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय परिसर में स्थित सूचना केंद्र में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के सहयोग से स्थापित धौलपुर विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने विज्ञान केंद्र का अवलोकन किया तथा वहाँ उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विज्ञान प्रयोगों को न केवल सराहा बल्कि विज्ञान के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझने और उन्हें दैनिक जीवन से जोड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी जागरूकता का संदेश दिया।

बाद में टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह नवाचार और विज्ञान का युग है। भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों में विज्ञान केंद्रों की स्थापना उसी सोच का विस्तार है, जिससे देश के दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में भी वैज्ञानिक चेतना का विस्तार हो सके। उन्होंने कहा कि भारत अब वैज्ञानिक नवाचारों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। चाहे वह चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने की बात हो, या ग्रामीण नवाचारों की, भारत ने वैश्विक मंच पर विज्ञान के क्षेत्र में अपनी दृढ़ उपस्थिति दर्ज कराई है।

इस दौरान विद्यार्थियों ने केंद्रीय मंत्री से संवाद करते हुए विज्ञान में रुचि, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। छात्राओं ने सुझाव दिए कि राज्य के अन्य जिलों में भी इसी प्रकार विज्ञान केंद्रों की स्थापना की जाए। बच्चों ने इसे अपने लिए अत्यंत लाभकारी बताया और कहा कि अब विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वे उसे स्वयं प्रयोग कर सीख सकेंगे। इस दौरान प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा विज्ञान की जानकारी जब बच्चों के पास पहुँचती है, तो वह केवल किताबों तक सीमित नहीं रहती वह उनके जीवन के निर्णयों में झलकने लगती है। यह विज्ञान केंद्र हमारे युवाओं को तकनीकी और डिजिटल युग के साथ तालमेल बिठाने में सहायक सिद्ध होगा।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा संस्थान के निदेशक डॉ. देवाशीष मोहंती, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश एच. गोखले, तथा राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. विजय शंकर शर्मा ने विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोगों और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी गणमान्य अतिथियों और वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व विधायक सुखराम कोली, गिर्राज सिंह मलिंगा, रानी सिलौटिया, भाजपा नेता इंदु जाटव, डॉ शिवचरण कुशवाह, नीरजा शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राजस्व रिकार्ड में नाम व हिस्सा शुद्धि होने पर चेहरों पर झलकी खुशी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भरतपुर उपखण्ड की ग्राम पंचायत झारौली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा कैम्प आयोजित हुआ। आयोजित कैम्प में प्रार्थी उत्तमसिंह यदुराज सिंह पुत्रगण रामचन्द निवासी ग्राम हिण्डौला का नाम का राजस्व रिकार्ड में अशुद्ध दर्ज था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा कैम्प में उत्तमसिंह पुत्र रामचन्द एवं यदुराज सिंह के पुत्र सुभाष सिंह निवासी ग्राम हिण्डौला ने एक प्रार्थना पत्र कैम्प प्रभारी को प्रस्तुत किया जिसमें ग्राम हिण्डौला के खाता से 85 में नाम एवं हिस्सा की अशुद्धि लगभग 10 वर्ष से चली आ रही थी। उत्तमसिहं, यदुराजसिंह एवं अशोकबाबू तीन भाई थे। लेकिन जमाबन्दी में अशोक व बाबू को पृथक-2 मानकर खाता बन गया। जिससे उनके खाते में प्रत्येक का हिस्सा के 1/3 के स्थान पर 1/4 दर्ज हो गया एवं अशोकबाबू के स्थान पर अशोक व बाबू का नाम दर्ज हो गया। प्रार्थियों ने वकीलों के भी काफी चक्कर लगाये परन्तु समस्या का समाधान नहीं हो पाया। सुभाषसिंह को समाचार पत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत झारौली में शिविर के बारे में जानकारी मिली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा का आयोजन कराया जिसमें उत्तमसिंह, सुभाषसिंह के प्रार्थना पत्र पर कैम्प प्रभारी नायब तहसीलदार संजय सिंह गुर्जर द्वारा पटवारी हल्का रिंकू डागुर एवं गिरदावर मूडौता भरतसिहं को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रार्थियों के मौके पर ही दस्तावेज तैयार करवाकर जमाबन्दी की समस्त प्रविष्टियां नाम एवं हिस्सा को शुद्ध कर दर्ज किया गया। उत्तमसिंह एवं यदुराज सिंह के पुत्र सुभाष सिंह व अन्य खातेदारों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड गई। लाभार्थी खातेदारों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।

## 50 साल से आवासीय पट्टे का इन्तजार हुआ पूरा, शिविर में मिला पट्टा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत पंचायत समिति सेवर की ग्राम पंचायत झारौली में आयोजित शिविर में 50 साल से आवासीय पट्टा के आभाव में परेशान हो रही बिसदा निवासी श्रीमति प्रेमवति की समस्या का मौके पर निराकरण कर स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टा जारी किया गया।

ग्राम पंचायत झारौली में शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार संजयसिंह गुर्जर को प्रेमवति ने आवासीय पट्टे के अभाव में आ रही परेशानी के बारे में बताते हुये मकान का पट्टा दिलवाने का अनुरोध किया। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी सेवर संजय शर्मा के माध्यम से आवेदन की जांच करवाते हुये मौके पर टीम को भेजा गया जहां आवेदक प्रेमवति द्वारा दी गई जानकारी सही पाये जाने पर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत सर्वे आदि कार्य पूरा कर मौके पर श्रीमति प्रेमवति को आवासीय पट्टा जारी किया गया।

श्रीमति प्रेमवति ने बताया कि पैतृक रूप से 50 साल से इसी आवास में रहते आ रहे थे लेकिन जानकारी के आभाव में आवासीय पट्टा प्राप्त नहीं कर सके। पिछले 10 सालों से आवासीय पट्टा प्राप्त करने के लिये कार्यालयों के अनेक चक्कर लगाये लेकिन कोई न कोई दस्तावेज की कमी रह जाती थी। उन्होंने पट्टा मिलने पर खुशी जताते हुये कहा कि अब आवासीय पट्टा मिलने से बैंकिंग सुविधाओं का लाभ तथा सरकार की अन्य योजनाओं में पात्र होने का फायदा मिल सकेगा। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि आज उसकी समस्या का घर बैठे निराकरण सरकार के पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के कारण संभव हो पाया है।

## विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अनुपालना में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सैनिक सुबोध उच्च माध्यमिक विद्यालय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुतोष गुप्ता द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्वीम नालसा गरीबी उन्मूलन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं 2015, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, 2024 की योजनाओं आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विधिक सहायता, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गुड टच बैड टच, नि:शुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, महिला सशक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैऊफिक नियम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर में विद्यालय की प्रधानाचार्य मधु कुमारी द्वारा सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

## राजगढ़ में सफाई व्यवस्था चौपट, गंदगी के लगे ढेर, बदबू के कारण बीमारी फैलने का बना अंदेशा

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ /अलवर।** कस्बे में जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर ने राजगढ़ नगरपालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रखी है। कस्बे के कारोठ मार्ग स्थित तबेला के पास नियमित सफाई नहीं होने के कारण सड़क पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। यहां नालियां कीचड़ से अटी हुई होने से सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। इससे आवागमन बाधित होने के साथ राहगीर परेशान हैं। तबेला गेट कॉलोनी निवासी महेंद्र जांगिड़, नवीन सौंखिया, नीरज सौंखिया आदि ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र के तबेला गेट के पास करीब छह माह से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण कीचड़ से अटी हुई है। बारिश के चलते नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है। इससे नालियों की गंदगी मार्ग में जमा हो रही है। इससे फिसलन भी हो रही है। इसके अलावा सड़क पर कूड़े-कचरे का ढेर लगा हुआ है। वहीं कस्बे के नवीन बस स्टैंड, बारलाबास पुलिया, गांधी पार्क, नेहरू पार्क, सब्जी मंडी, मालाखेड़ा बाजार में नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।

सब्जी मंडी में फैली गंदगी से बीमारियां फैलने की आशंका

स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे की सब्जी मंडी में फैली गंदगी में से दिनभर बदबू आती है। सब्जी मंडी में गंदगी का आलम यह है कि यहां से लोगों का निकलना भी दूर्भर हो गया है। गंदगी के कारण मच्छर पनप रहे हैं। इसके अलावा बदबू से मौसमी बीमारियां भी फैल सकती हैं। बारिश के कारण यहां और ज्यादा हालात खराब हो गए हैं। सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि नगरपालिका की ओर से यहां नियमित सफाई नहीं होने के कारण दुर्गंध आती है। यहां बना शौचालय के हालत भी खराब है। शौचालय जाने के लिए भी कीचड़ में होकर निकलना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से यहां सफाई करवाने की मांग की है।

इनका कहना

बारिश के मौसम के कारण सफाई व्यवस्था नहीं हो पाई थी। जहां सफाई नहीं है वहां कार्मिक भेज कर सफाई करवाते हैं। -सतीश दुहारिया, नगरपालिका अध्यक्ष

## चारपाई पर सो रही 23 वर्षीय विवाहिता की सर्पदंश से मौत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर।** टहला थाना क्षेत्र में एक 23 वर्षीय महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। टहला थानाधिकारी रामस्वरूप ने बताया कि टहला थाना क्षेत्र के नांडू गांव निवासी काली देवी उर्फ कमलेश(23) पत्नी महेंद्र गुर्जर चारपाई पर सो रही थी। चारपाई पर सोते समय सर्प ने काटने से अचेत होकर नीचे गिर गई। जिसके बाद परिजन उसे टहला सीएचसी लेकर गये। लेकिन हालात गंभीर होने पर राजगढ़ चिकित्सालय में लाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मृतका विवाहित महिला की शादी ढाई साल पहले महेंद्र गुर्जर से हुई थी। सूचना पर टहला थाना पुलिस राजगढ़ चिकित्सालय पहुंची जहां शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। सूचना पर राजगढ़ तहसीलदार डॉ वी.पी.सिंह नरूका अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# समस्त जांगिड़ समाज मगरा विकास संस्थान की आम सभा सम्पन्न,बाबूलाल भावरेल निर्विरोध चुने गए प्रधान

### भवन निर्माण हेतु समाज बंधुओं ने बढ़-चढ़कर दी सहयोग राशि

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** समस्त जांगिड़ समाज मगरा विकास संस्थान की आम सभा दिनांक 5 जुलाई 2025 को संस्थान परिसर, जालिया रोड आईओसी पंप के सामने, मगरा विकास संस्थान नोहरे में श्री नेमीचन्द आंगडिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण आम सभा में समाज की एकता और विकास को लेकर कई निर्णय लिए गए। मुख्य रूप से संस्था के प्रधान पद हेतु सर्वसम्मति से बाबूलाल भावरेल को निर्विरोध चुना गया। चुनाव की प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और सामूहिक सहमति से सम्पन्न हुई, जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश गया।

सभा के दौरान पूर्व कार्यकारिणी द्वारा अपना लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे समाजजनों ने संतोषपूर्वक स्वीकार किया। इस अवसर पर



मगरा विकास भवन निर्माण हेतु समाज बंधुओं ने स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग देने का संकल्प लिया और कई सदस्यों ने तत्काल सहयोग राशि भी प्रदान की।

सभा में अनेक वरिष्ठ और प्रतिष्ठित समाज बंधु उपस्थित रहे जिनमें पूर्व प्रधान आत्माराम बरडवा,किशन जांगिड़, धर्मराज छडिया, मांगीलाल डीवाण, पूर्व मंत्री आत्माराम डीवाण, रामपाल माकड़, गोविन्दलाल बुडल, अशोक छडिया, मुकेश बुडल, घेवरचन्द छडिया, रमेश चन्द पाखरोट, बाबूलाल सीदड़, मदनलाल बरड्या, भगवान पाखरोट, कन्हैयालाल बुडल, मोतीलाल माकड़, जगदीश सकवाया, बुधराज आसलिया, राजू भावरेल, पारस सकवाया, अमरचन्द सकवाया, प्रेमप्रकाश पाखरोट, गोपीलाल बड़ीकालब, अमरचन्द दन्देवा, लाला जी नीवाण, ओमप्रकाश छडिया, मदनलाल सकवाया, नेमीचन्द जालिया, सम्पत सारोठ, गोपाल जेठाणिया, मिठूलाल जेठाणिया और भंवरलाल जेठाणिया सहित सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

### राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े का एक दिवसीय भीलवाड़ा दौरा

# चातुर्मास आध्यात्मिक जागृति और सामाजिक समरसता का पर्व है : राज्यपाल बागड़े


बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े ने कहा कि चातुर्मास आत्मशुद्धि, संयम और सामाजिक सद्भाव का विशेष काल है, जिसमें साधु-संत एक स्थान पर ठहरकर साधना, ध्यान और तपस्या करते हैं तथा समाज को नैतिक मूल्यों की शिक्षा देते हैं। यह बात उन्होंने मंगलवार को आध्यात्मिक चातुर्मास महोत्सव समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में सुभाष नगर स्थित जैन स्थानक में चातुर्मासिक मंगल प्रवेश के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आमजन को संबोधित करते हुए कही। राज्यपाल ने कहा कि जैन धर्म जीवदया, अहिंसा और आत्मशुद्धि का प्रतीक है तथा चातुर्मास के माध्यम से इन मूल्यों को जनमानस तक पहुँचाया जाता है। उन्होंने कहा कि सच्चा साधु वही है जो समाज के कल्याण के लिए कार्य करता है और दूसरों के हित में किया गया कार्य ही सच्ची सिद्धि है। यह परंपरा भगवान महावीर के काल से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य समाज में नैतिक जागरूकता और आध्यात्मिक चेतना जागृत करना है। राज्यपाल बागड़े ने कहा कि चातुर्मास के दौरान दिए जाने वाले प्रवचन व्यक्ति के अंतर्मन को जागृत करते हैं और समाज में सकारात्मक सोच का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को मिटाने के अनेक प्रयास इतिहास में हुए, लेकिन इसकी गहराई और मूल्यों के कारण यह संस्कृति आज भी अक्षुण्ण बनी हुई है। अपने संबोधन में राज्यपाल ने नवीन शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास के साथ-साथ उनके नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन पर बल देती है। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षा नीति के माध्यम से ऐसे शिक्षाविद तैयार होंगे, जो आधुनिक ज्ञान के साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत को भी आत्मसात करेंगे। राज्यपाल बागड़े ने मंच पर विराजित जैन साध्वियों से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके द्वारा समाज को दिए जा रहे आध्यात्मिक मार्गदर्शन की सराहना की। राज्यपाल के दौरे के दौरान कार्यक्रम स्थल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा समुचित तैयारियां की गई थीं। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार सुरक्षा, यातायात, भीड़ प्रबंधन एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं के लिए पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद दामोदर अग्रवाल, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, महापौर राकेश पाठक, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## श्रीनाथ आश्रम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव 9 व 10 जुलाई को

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले की आलोट तहसील में स्थित ताल के निकट सदगुरु शंभू नाथ जी महाराज की पुण्य तपोभूमि श्रीनाथ आश्रम करवा खेड़ी में गुरु पूर्णिमा उत्सव का पावन पर्व 9 व 10 जुलाई को आस्था व उल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। बुधवार 9 जुलाई को रात्रि में सत्संग, भजन संध्या और गुरु महाराज का अभिषेक व महा आरती आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के तहत गुरुवार 10 जुलाई को गुरु पूजन और महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। महंत गुरुदेव प्रकाश नाथ जी महाराज, गुरुदेव बालक नाथ जी महाराज और सन्तो के सानिध्य में करवाखेड़ी श्री नाथ आश्रम ताल में प्रबंध वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सुदूरस्त व आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों के आगमन की दृष्टि से तैयारीयां की जा रही है। उल्लेखनीय है कि युग निर्माता, युग पुरूष, साधना के शिखर, ज्ञान और क्रिया के बेजोड़ संगम, व्यसन मुक्ति के प्रणेता, तत्वज्ञाता, सदगुरु शम्भू नाथ जी के पट्टधर बालकनाथ जी व प्रकाश नाथ जी बाल्यावस्था से ही लगातार बाबा शम्भू नाथ जी व अजबनाथ जी के निकट सानिध्य मे रहे, उस दौरान इन महापुरुषों ने उनको सम्पूर्ण ऊर्जावान, प्रतिभावान बना दिया। बालकनाथ जी व प्रकाश नाथ जी सहयोगी संतो के साथ आप स्व व पर कल्याण की साधना में अहर्निश समर्पित होकर श्रीनाथ जी के आदर्शों व सतनाथ पंथ की महिमा के साथ लोककल्याण कार्य कर रहे हैं। आपके सख्त संयम और अनुशासन से प्रेरित देशभर में लाखों भक्त श्री नाथ जी के असाधारण और विराट व्यक्तित्व आपका गुणगान करते हुए स्वंय को धन्य मानते है।

## मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने मेवाड़ महंत चेतनदास महाराज के देवलोकगमन पर शोक व्यक्त किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र प्रेषित कर समीपवर्ती ग्राम मुंगाना स्थित श्री सांवलिया धाम के महंत चेतनदास महाराज को श्रद्धासुमन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल महामंत्री सोहनलाल खटीक ने बताया विगत 4 जुलाई को मेवाड़ एवं श्री सांवलिया धाम मूंगाना के महंत चेतनदास महाराज के देवलोकगमन बाद भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने मुंगाना धाम आश्रम पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के शोक संदेश दिये। इस दौरान संदेश का वाचन भाजपा युवा मोर्चा कपासन अध्यक्ष विकास बारेगामा द्वारा किया गया। इस मौके पर महंत अनुजदास एवं रामपाल एवं आश्रम के साधु संतो सहित विधायक अर्जुनलाल जीनगर,बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव, मंडल अध्यक्ष शनिमहाराज रतननाथ योगी, महामंत्री कैलाश अहीर, मोहन जाट, सरपंच प्रकाश चौधरी, आकोला नगर अध्यक्ष शंकरलाल आदि स्थानीय ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद तरणताल के 12 तैराकों का राज्य स्तर पर चयन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिले के लिए यह गर्व की बात है कि स्वामी विवेकानंद तरणताल पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 12 प्रतिभाशाली तैराकों का चयन आगामी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इन तैराकों का चयन जिला तैराकी संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने जानकारी दी कि चयनित तैराक 12 से 14 जुलाई तक कोटा के विजया राजे सिंधिया तरणताल में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन प्रक्रिया में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी चयनित खिलाड़ियों को तैराकी खेल विकास संस्थान की ओर से शुभकामनाएं दी गईं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए सभी खिलाड़ियों को आवश्यक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन तरणताल पर उपलब्ध कराया जा रहा है। चयनित खिलाड़ियों में सब जूनियर वर्ग में आफताब कायमखानी, अवंतिका ओझा और वैभव माली शामिल हैं। जूनियर वर्ग के प्रथम ग्रुप में शिवदेव सिंह राणावत, शुभम गांछा, विजय गुर्जर, अनिकेत सेन, कनिष्क खींची, आलिया कायमखानी और प्रीति माली का चयन हुआ है, जबकि द्वितीय ग्रुप में ऊर्जा प्रसाद और अदिति खोईवाल का चयन हुआ है। इससे पूर्व मई माह में जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता में तरणताल के तीन तैराकों शिवदेव सिंह राणावत, विजय गुर्जर और कनिष्क खींची ने भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर तरणताल पर आयोजित सम्मान समारोह में तैराकी खेल विकास संस्थान के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, सचिव राकेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष धनराज गांछा, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत, अब्बास अली कायमखानी, कमल सिंह राणावत, यमुना प्रसाद यादव एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्य सुरेंद्र सिंह राठौड़, पूरणमल आचार्य, मुकेश मित्तल, अक्षय आर्य, छोटू लाल पुरबिया और कुणाल ओझा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## श्री नाकोड़ा भैरव की स्थापना हेतु मुंबई (पुणे) से मंगवाई मूर्ति नगर कपासन में पहुंची

### श्रद्धालुओं ने मूर्ति का शोभायात्रा के साथ स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** चिंतामणि पार्श्वनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार बाद श्री नाकोड़ा भैरव की स्थापना हेतु मुंबई (पुणे) से मंगवाई मूर्ति का मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा के साथ स्वागत किया गया। जानकारी अनुसार नगर कपासन में स्थित श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के चिंतामणि पार्श्वनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार बाद मंदिर में श्री नाकोड़ा भैरव की मूर्ति स्थापना हेतु मुंबई (पुणे) से मूर्ति नगर कपासन में पहुंची।इस दौरान नगर के महाराणा प्रताप चौराहे पर सकल जैन समाज एवं नाकोड़ा मित्र मंडल के तत्वावधान में श्री नाकोड़ा भैरव की मूर्ति की अगवानी हुई तथा धार्मिक भजनों पर झूमते-नाचते शोभायात्रा का आयोजन किया गया। उक्त शोभायात्रा का पांच बत्ती चौराहा से श्रीराम मार्केट, बस स्टैंड, कुम्हार मोहल्ला, लोड़किया चौक, पीपली बाजार से चिंतामणि पार्श्वनाथ मंदिर पहुंचकर समापन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा श्री नाकोड़ा भैरव की मूर्ति को मंदिर परिसर में रखा गया। इस अवसर कमलेश इटोदिया मुंबई,कुलदीप बापना, संघ अध्यक्ष जितेंद्र डांगी, संघ सदस्य रोशनलाल सेठ, श्रीपाल सेठ, दिनेश कुमार मारवाड़ी, प्रकाश सेठ, बाबूलाल सेठ, आशीष जैन, मनोहर सेठ, राकेश सेठ, मुकेश सेठ, भगवान बापना, लकी सेठ, रामलाल सेठ, धर्मेश सेठ, भूपेश मारू, राजकुमार चंडालिया, सुआलाल सिरोया, अशोक सिरोया, सुरेश गोखरू, प्रभुलाल चंडालिया, अनिल चंडालिया, देवेंद्र सोमानी, महिला मंडल सदस्य निधि जैन आदि सकल जैन समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## महिला सिलाई प्रशिक्षार्थियों को करवाया महिला आई टी आई का भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** वीरांगना झलकारी बाई सभागार में चल रहे सिलाई प्रशिक्षण के दोनों बैच को आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पुर रोड का भ्रमण करवाया लेब दिखाई और जापानी मशीनों और वहां चल रहे शिक्षा पाठ्यक्रम के बारे में वरिष्ठ अनुदेशक श्री रमेश जी महावर, सिलाई अनुदेशक कृष्णा नेहरिया ने बताया और अभी चल रहे प्रवेश कार्यक्रम में भाग लेने के फायदे और रोजगार के अवसर भी बताए। इस अवसर पर आई टी आई भीलवाड़ा में कार्यरत श्री रमेश चंद्र महावर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला आई टी आई का प्रशिक्षण प्राप्त करके भारत में कहीं भी रोजगार प्राप्त कर सकती है केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर स्वरोजगार के लिए 50 प्रतिशत छूट के साथ लोन लेकर स्वरोजगार करके आमंत्लिभर बन सकती है। महिलाओं के दल ने पिंकी गडॉरिया, छोटी देवी, पूजा तलाया, टीना, प्रीति, तनुजा, मानवी, किरण, पुष्पा, किस्मत आदि महिलाएं शामिल थी।

## शिक्षा विभागीय कर्मचारियों ने आदेशों के विरोध में बांधी काली पट्टी, जताया आक्रोश

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** शिक्षा विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने मंगलवार को शिक्षा विभागीय संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला मुख्यालय स्थित माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। कर्मचारियों ने अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर राज्य सरकार के हालिया आदेशों का विरोध किया। संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष आचार्य के नेतृत्व में हुए इस शांतिपूर्ण विरोध कार्यक्रम में कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए शासन के आदेशों को वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर संघ के प्रवक्ता मूलचंद बहरवानी ने बताया कि दिनांक 02 जुलाई 2025 को शासन द्वारा जारी पत्र में विभाग के कार्य विभाजन एवं दायित्व निर्धारण को लेकर 01 जून 2020 के परिपत्र को अपास्त करने की बात कही गई है। यह निर्णय एक विशेष संघ की मांग के आधार पर लिया गया है, जबकि पूर्व में सभी प्रक्रियाओं और आपत्तियों की समीक्षा के बाद ही यह परिपत्र जारी किया गया था। बहरवानी ने कहा कि शासन द्वारा बिना किसी परीक्षण के केवल एक पक्ष की बात मानकर जो निर्णय लिया गया है, वह न केवल शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के साथ अन्याय है, बल्कि इससे प्रदेश भर के मंत्रालयिक कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया है। संघ ने विरोध स्वरूप माध्यमिक शिक्षा निदेशक के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव एवं शिक्षा सचिव को ज्ञापन प्रेषित कर दिनांक 02 जुलाई 2025 के पत्र को तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2016 में कमेटी गठन के समय एवं 01 जून 2020 को परिपत्र जारी करते समय संबंधित अधिकारी संघों की आपत्तियों की समुचित समीक्षा की गई थी और यह आदेश पूरी तरह नियमसम्मत था। प्रदर्शन में सुरेश जोशी, हनुमान वैष्णव, सुनील डाड, नरेश बाहेती, मुकेश सेन, आशुतोष शर्मा, ओम प्रकाश डाड, डीपी जोशी, सीमा उपाध्याय, रिंकू अग्रवाल, विक्रम बाकलीवाल, सुरेश पारीक, संदीप जैन, रामेश्वर शर्मा, मोहित धाबाई, धीरज सुराना, आलोक पालीवाल, सुरेश मीना सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उक्त आदेश को वापस नहीं लिया, तो राज्यभर के शिक्षा विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारी आंदोलन को तेज करने पर विवश होंगे।

## वंडर सीमेंट लि. अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा अवॉर्ड से सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** वंडर सीमेंट लि.,आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के यूनिट हेड नितिन जैन ने वंडर सीमेंट के महाप्रबन्धक (सुरक्षा) दुर्गादास राठौड सहित सुरक्षा विभाग एवं सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि वर्ष 2024 में सुरक्षा नियमों की पालना करते हुए उत्कृष्ट सुरक्षा प्रबन्धन के लिये वंडर सीमेंट लि. को अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा अवॉर्ड प्राप्त हुआ है, यह हम सभी के लिये गर्व का विषय हैं। युनिट हेड नितिन जैन ने यह अवॉर्ड वंडर सीमेंट के सभी कर्मचारियों को समर्पित करते हुए कहा की यह सम्मान कम्पनी के समस्त कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा सुरक्षित कार्य सम्पादन की प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो हमें और बेहतर करने हेतु प्रोत्साहित भी करता हैं। यह अवॉर्ड हमें प्रेरणा देता है, कि हम अपने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्यस्थल को सुरक्षित एवं स्वस्थ्य बनाए रखने के लिए सेफ्टी के साथ कार्य करते रहें। साथ ही भारत को विकसित देशों की गिनती में लाने के लिये औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों की दिशाओं में ध्यान देते हुए सुरक्षित कार्य संपादन तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना अत्यन्त आवश्यक है, और इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

## जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ के निर्देशानुसार स्वाधीनता दिवस की तैयारियो को लेकर बैठक का आयोजन

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिला परिषद के सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने स्वाधीनता दिवस की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कि गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंप गए। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें झंडा फहराने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने पुलिस प्रशासन को समारोह के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने पर जोर दिया गया। मीटिंग के दौरान को जिला परिषद विनय पाठक, यूआईटी सचिव कैलाश चंद्र गुर्जर,कोषाधिकारी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अधीक्षण अभियंता क्क॥श्वष्ठ, जल संसाधन,॰ड्ढक्कहरु कृषि विभाग, छ्वस्रु, नगर परिषद, कलेक्ट्रेट के संस्थापक अधिकारी किशनलाल माली जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक ने साप्ताहिक बैठक ली, जिसमें उन्होंने मौसमी बीमारियों, पेयजल, बिजली शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, और चिकित्सा सेवाओं सहित संपर्क पोर्टल और ई-फाइल निस्तारण पर चर्चा की गई। मौसमी बीमारियों की रोकथाम मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी सीएचसी, पीएचसी और चिकित्सालयों में पंखे, कूलर, स्वच्छ पेयजल और दवाइयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही 108 एम्बुलेंस सेवा को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए।वीरा रंजना बाघमार उपस्थित रहे।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060





"सफल व्यक्ति वह है जो खुद पर फेंकी गई ईटों से मजबूत नीव बना ले "
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

मुख्यमंत्री का बीकानेर दौरा – गांव-गरीब को सशक्त बनाने का माध्यम बन रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# अंतिम पायदान के व्यक्ति के सशक्तीकरण के लिए: राज्य सरकार पूर्ण रूप से समर्पित- मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के हर व्यक्ति-हर परिवार को सशक्त और समृद्ध बनाते हुए उनकी सेवा करना हमारी सरकार का सर्वोच्च ध्येय है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा इसी दिशा में हमारा एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरे समर्पण और निष्ठा से काम कर रही है। शर्मा मंगलवार को बीकानेर में श्रीडूंगरगढ़ के गुसांईसर बड़ा गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर के अंतर्गत आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान से ही देश-प्रदेश का समग्र विकास संभव है। उनकी इस भावना के अनुरूप राज्य सरकार ने वंचितों को वरीयता देते हुए अपनी नीति एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा इसी रूपरेखा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।




## शिविर में हो रहे तत्परता से कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में 24 जून से 9 जुलाई तक चलने वाले इस पखवाड़े के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में किसान, युवा, महिला एवं मजदूर सहित सभी वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है। इन शिविरों में नामांतरण, बंटवारे, रास्ते के प्रकरण, पशु टीकाकरण, पानी टंकियों की सफाई, लीकेज मरम्मत, बिजली के झूलते तारों का दुरूस्तीकरण जैसे कई जरूरत के काम तत्परता से किए जा रहे हैं। जिनसे आमजन को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं आसानी से मिल रही हैं।

## महिलाओं-युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार

श्री शर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास तेजी से कर रही है। महिला कल्याण को प्रमुख प्राथमिकता देते हुए नीतियों एवं योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ो प्रोत्साहन योजना, मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरण, कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना आदि के माध्यम से महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। हमने डेढ़ वर्ष के अल्प कार्यकाल में 69 हजार पदों पर नियुक्तियां दी है और लगभग 1 लाख 88 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल में पेपरलीक का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड और किसान सम्मान निधि जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

# पाक ने भारत के कितने राफेल गिराए? कंपनी ने दी असली जानकारी, शेयर में हो गई भारी हलचल



बढ़ता राजस्थान

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस की खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के दूतावासों में तैनात रक्षा अधिकारियों ने दूसरे देशों को यह समझाने की कोशिश की कि वे राफेल विमान न खरीदें और इसकी जगह चीन के बनाए विमान लें। फ्रांस का कहना है कि चीन और पाकिस्तान ने मिलकर राफेल के खिलाफ गलत जानकारी फैलाने का अभियान चलाया। सोशल मीडिया पर झूठी तस्वीरें, विडियो गेम की नकली क्लिप और एआई से बनाए गए फर्जी कंटेंट फैलाए गए, ताकि ऐसा लगे कि राफेल विमान जंग में नाकाम रहे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन और पाकिस्तान की झूठी अफवाह का पर्दाफाश हो गया है। पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने भारत के तीन राफेल लड़ाकू विमान गिरा दिए। लेकिन पहले तो भारत ने इसे गलत बताया और अब फ्रांस की खुफिया रिपोर्ट से भी साफ हुआ है कि ये दावा बिल्कुल झूठा था। राफेल बनाने वाले दसॉल्ट एविएशन के सीईओ एरिक ट्रेपर ने खुद कहा है कि भारत के राफेल बिल्कुल सुरक्षित हैं और पाकिस्तान का दावा पूरी तरह से गलत है। इस झूठी खबर को फैलाने में चीन की भी बड़ी भूमिका थी। फ्रांस की सेना और खुफिया एजेंसियों का मानना है कि चीन ने फ्रांस में बने राफेल लड़ाकू विमानों की छवि खराब करने के लिए दुनियाभर में अपने दूतावासों का इस्तेमाल किया। खासतौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुई झड़पों के बाद चीन ने यह प्रचार करना शुरू किया कि राफेल विमान अच्छी तरह प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## एआई से बनाए गए फर्जी कंटेंट फैलाए गए

फ्रांस की खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के दूतावासों में तैनात रक्षा अधिकारियों ने दूसरे देशों को यह समझाने की कोशिश की कि वे राफेल विमान न खरीदें और इसकी जगह चीन के बनाए विमान लें। फ्रांस का कहना है कि चीन और पाकिस्तान ने मिलकर राफेल के खिलाफ गलत जानकारी फैलाने का अभियान चलाया। सोशल मीडिया पर झूठी तस्वीरें, विडियो गेम की नकली क्लिप और‌ढ्ढ से बनाए गए फर्जी कंटेंट फैलाए गए, ताकि ऐसा लगे कि राफेल विमान जंग में नाकाम रहे।

## शेयरों में उथल पुथल

कंपनी के शेयर की कीमत में सोमवार को बढ़ोतरी के बाद आज मंगलवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि, कुछ मिनटों में ही इसमें तेजी आ गई।

# क्या शिवकुमार बनेंगे कर्नाटक के नए सीएम? 2 विधायकों ने फिर उठाई मांग



बढ़ता राजस्थान

**बैंगलुरु (एजेंसी)।** कांग्रेस विधायक सीपी योगेश्वर ने भी इसी तरह की भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे सभी जिला विधायक इस बात पर एकमत हैं कि डीके को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। इस बारे में कोई मतभेद नहीं है। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन से कांग्रेस द्वारा इंकार किए जाने के बाद, एक बार फिर से उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को शीर्ष पद पर बिठाने की मांग उठने लगी है। कांग्रेस के दो विधायकों ने अपनी मांग फिर से दोहराई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री तनवीर सैत ने कहा कि पार्टी को बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। सैत ने मीडिया से कहा कि मुझे लगता है कि नेतृत्व स्थिर नहीं रह सकता। नए नेतृत्व को आना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। जब ??भी मौका मिलेगा, ऐसा होगा। लेकिन व्यक्तिगत बयानों को विरोध नहीं माना जाना चाहिए।
कांग्रेस विधायक सीपी योगेश्वर ने भी इसी तरह की भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे सभी जिला विधायक इस बात पर एकमत हैं कि डीके को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। इस बारे में कोई मतभेद नहीं है। आलाकमान को इस पर फैसला करना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके उपमुख्यमंत्री बुधवार रात को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। इस टिप्पणी पर पार्टी के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने त्वरित प्रतिक्रिया दी, जिन्हें सिद्धारमैया और डीकेएस गुटों के बीच शांति स्थापित करने के लिए पिछले सप्ताह बेंगलुरु भेजा गया था।

# लगातार बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश के सात जिलों में बाढ़ का खतरा मडराया, प्रशासन ने बंद कराई 225 सड़कें

बढ़ता राजस्थान

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के बीच स्थानीय मौसम विभाग ने मंगलवार को अगले 24 घंटों में सात जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक हल्की से मध्यम बाढ़ आने की चेतावनी दी। ये जिले चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर हैं।

भारत के पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की वजह से कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। सप्ताहांत में असामान्य रूप से भारी बारिश के कारण 23 बाढ़ और 16 भूस्खलन की घटनाओं के बाद उत्तर भारतीय राज्य में सैकड़ों घर, पुल, सड़कें और बिजली के खंभे बह गए। हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार, 19 बादल फटने की घटनाएं भी हुईं, जिसमें अचानक भारी मात्रा में बारिश हुई। इस सप्ताह और अधिक बारिश की चेतावनी के साथ कई जिले भूस्खलन के लिए हाई अलर्ट पर हैं। हिमालय के पहाड़ी इलाकों में फैला हिमाचल प्रदेश हाल के वर्षों में बार-बार प्रभावित हुआ है क्योंकि जलवायु आपातकाल के कारण मानसून की बारिश अनियमित हो गई है और अधिक तीव्र, अनियंत्रित रूप से गिर रही है।



हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के बीच स्थानीय मौसम विभाग ने मंगलवार को अगले 24 घंटों में सात जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक हल्की से मध्यम बाढ़ आने की चेतावनी दी। ये जिले चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर हैं। मौसम विभाग ने अगले सोमवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की चेतावनी देते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित मंडी जिले में 153 मार्गों समेत कुल 225 सड़कें बंद कर दी गई हैं, जबकि राज्य में 163 ट्रांसफॉर्मर एवं 174 जलापूर्ति योजनाओं पर असर पड़ा है। हिमाचल प्रदेश में एक जून से आठ जुलाई तक 203.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई है, जबकि इस अवधि में सामान्यत़ 152.6 मिमी वर्षा होती है। इस दौरान मंडी जिले में 110 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई, शिमला में 89 फीसदी और ऊना में 86 फीसदी वर्षा हुई।

# साऊदी-इंडोनेशिया-वियतनाम, पिनाका के लिए लाइन लगाकर खड़े हुए भारत के जिगरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो किया उसने एक ही बात दुनिया को समझा दी कि भारत अब केवल रक्षा ही नहीं करता है। बल्कि निर्णायक वार करता है और इस मिशन में भारत में बना मल्टीबैरल रॉकेट सिस्टम पिनाका, जिसकी गूंज पाकिस्तान में इतनी तेज हुई कि पूरा पाकिस्तान और चीन थर्रा गया।जब रॉकेट हवा में उड़ते हैं तो वो केवल हथियार होते हैं। लेकिन रॉकेट जब दुनिया की सोच ही बदल दे तो उसे भारत का पिनाका कहा जाता है। भगवान शिव के धनुष पिनाक के नाम पर भारत के देसी पिनाका का नाम रखा गया। एक ऐसा मिसाइल सिस्टम जो पलक झपकते दुश्मन को खाक करने का दम रखता है। 44 सेकेंड में 12 रॉकेट फायर करने के बाद तो सिर्फ धुंआ ही धुंआ नजर आता है। अब खबर आ रही है कि भारत के मित्र देश सऊदी अरब, इंडोनेशिया और वियतनाम ने पिनाका खरीदने में दिलचस्पी जता दी है। इस बात का खुलासा पिनाका का निर्माण करने वाली कंपनी सोलर इंडस्ट्री के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड मेजर जनरल बी आर्य ने किया है। उन्होंने सबके सामने आकर बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि सऊदी अरब, इंडोनेशिया और वियतनाम ने गाइडेड पिनाका को खरीदने में दिलचस्पी जताई है। हाल ही में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो किया उसने एक ही बात दुनिया को समझा दी कि भारत अब केवल रक्षा ही नहीं करता है। बल्कि निर्णायक वार करता है और इस मिशन में भारत में बना मल्टीबैरल रॉकेट सिस्टम पिनाका, जिसकी गूंज पाकिस्तान में इतनी तेज हुई कि पूरा पाकिस्तान और चीन थर्रा गया। पिनाका केवल एक रॉकेट सिस्टम नहीं बल्कि भारत की एक नई रणनीतिक सोच का प्रतीक है। ये कोई आम रॉकेट सिस्टम नहीं है। भारत में स्वदेशी तौर पर विकसित की गई पिनाका रॉकेट सिस्टम के तीन वैरिएंट हैं।



# दिल्ली में, कांवड़ यात्रा के दौरान बंद की जाएंगी मीट की दुकानें!

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जंगपुरा से भाजपा विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली में कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी शराब और मांस की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद करने का अनुरोध किया था।11 जुलाई से 23 जुलाई तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान दिल्ली में मीट की दुकानें बंद रहेंगी। इस बात की जानकारी मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता कपिल मिश्रा ने दी। हालांकि, मंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह प्रतिबंध केवल तीर्थयात्रा मार्ग पर पड़ने वाली मांस की दुकानों पर ही लागू होगा या नहीं। मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा कि इनमें से ज़्यादातर मीट की दुकानें वैसे भी अवैध हैं और कानून के मुताबिक इन्हें नहीं चलना चाहिए। लेकिन कांवड़ यात्रा के दौरान इन्हें खास तौर पर बंद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसको लेकर मांग की जरूरत नहीं है। कांवड़ यात्रा के दौरान इन्हें विशेष रूप से बंद रखा जाएगा। ये सभी अवैध दुकानें हैं और हम कांवड़ यात्रा के दौरान इन्हें संचालित करने की अनुमति नहीं दे सकते। दूसरी ओर जंगपुरा से भाजपा विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली में कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी शराब और मांस की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद करने का अनुरोध किया था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# 4000 लोग अचानक बॉर्डर कूदकर भारत पहुंचे, चीन अब पड़ोसी देश में कर रहा कौन सा नया खेल?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पड़ोसी देश के चिन राज्य में फिर से लड़ाई शुरू होने के बाद पिछले कुछ दिनों में म्यांमार से करीब 4,000 नए शरणार्थी मिजोरम में दाखिल हुए हैं। म्यांमार के चिन राज्य में 2 जुलाई से दो सैन्य-विरोधी जुंटा बलों चिन नेशनल डिफेंस फोर्स और चिनलैंड डिफेंस फोर्स हुआलनोग्राम के बीच टकराव चल रहा है। नतीजतन, हजारों निवासी मिजोरम के चम्फाई जिले में आ गए हैं।भारत से 1643 किलोमीटर लंबा बार्डर शेयर करने वाले एक देश में भयंकर जंग छिड़ गई है। इस देश में चीन ने ही जंग भड़काई है, लेकिन अब चीन पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। इस देश में चल रही जंग में चीन के दो लड़ाकू विमान तबाह हो गए हैं। चीन की मक्कारी के चलते इस देश की आम जनता भी मारी जा रही है। अपनी जान बचाने के लिए ये लोग अब भारत में भी घुस गए हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पड़ोसी देश के चिन राज्य में फिर से लड़ाई शुरू होने के बाद पिछले कुछ दिनों में म्यांमार से करीब 4,000 नए शरणार्थी मिजोरम में दाखिल हुए हैं। म्यांमार के चिन राज्य में 2 जुलाई से दो सैन्य-विरोधी जुंटा बलों चिन नेशनल डिफेंस फोर्स और चिनलैंड डिफेंस फोर्स हुआलनोग्राम के बीच टकराव चल रहा है। नतीजतन, हजारों निवासी मिजोरम के चम्फाई जिले में आ गए हैं।



मिजोरम में एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ताजा हिंसा शुरू होने के बाद से अब तक वहां पहुंचने वाले लोगों की संख्या लगभग 4,000 है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मिजोरम पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि सीमा के आसपास स्थिति काफी ज्यादा तनावपूर्ण है। ऐसे में फिलहाल इन लोगों को वापस जाने के लिए नहीं कहा जा रहा। लोग बड़े पैमाने पर ज़ोकवथर और सैकुम्फई के गांवों में आ गए हैं। वे सीमा के इस तरफ अपने रिश्तेदारों के साथ या स्थानीय संगठनों द्वारा स्थापित शिविरों में रह रहे हैं।

भारत और म्यांमार के बीच एक द्विपक्षीय समझौता है, जिसे फ्री मूवमेंट रिजीम कहा जाता है। इसके तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बिना वीजा या पासपोर्ट के 16 किलोमीटर तक दोनों तरफ आवाजाही करने की अनुमति होती है। हालांकि म्यांमार के हालात को देखते हुए भारत ने साल 2024 में म्यांमार को लेकर फ्री मूवमेंट रिजीम को सस्पेंड कर दिया था। लेकिन ताजा मामले में जब हजारों लोग जान की भीख मांगने के लिए बॉर्डर पर पहुंचे तो मानवीय ग्रांउड पर उन्हें शरण दी गई। बहरहाल, म्यांमार में चल रहे गृह युद्ध में चीन भी अपनी खतरनाक चाल चल रहा है। वो जुंटा शासन को हथियार और समर्थन दे रहा है ताकी वो विद्रोही गुटों से भिड़ सके। जुंटा गुट ने ही साल 2021 में म्यांमार की सत्ता पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद से म्यांमार में गृह युद्ध जैसे हालात हैं।

मिजोरम 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद से हजारों चिन शरणार्थियों को शरण दे रहा है, जो मिज़ो के साथ एक समान जातीयता साझा करते हैं। मिजोरम गृह विभाग के अनुमानों के अनुसार, इस नए आगमन से पहले, मिजोरम से लगभग 33,000 चिन शरणार्थी और बांग्लादेश से अतिरिक्त 2,000 शरणार्थी थे। चिन राज्य में वर्तमान लड़ाई सैन्य जुंटा का विरोध करने वाले प्रतिरोध बलों के भीतर तनाव का परिणाम है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार